श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 275, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 01 नवंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## केंद्र ने राजद्रोह कानून पर अपना रुख साफ करने के लिए सुप्रीम कोर्ट से मांगा और समय



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से राजद्रोह कानून पर अपना रुख साफ करने के लिए और वक्त दिए जाने की मांग की है। अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि संसद के शीतकालीन सत्र में इस पर विचार हो सकता है। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई जनवरी के दूसरे हफ्ते के लिए टाल दी। इस दरम्यान इस कानून के अमल पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से लगी रोक बरकरार रहेगी। 11 मई को सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह के कानून पर केंद्र को कानून की समीक्षा की अनुमति दी थी। तत्कालीन चीफ जस्टिस एनवी रमना की अध्यक्षता वाली बेंच ने राजद्रोह के तहत फिलहाल नए केस दर्ज करने पर रोक लगा दी थी।कोर्ट ने कहा था कि अगर किसी पर केस दर्ज हो तो निचली अदालत से राहत की मांग करे। कोर्ट ने लंबित मामलों में कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि जेल में बंद लोग निचली अदालत में जमानत याचिका दाखिल करें। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर कहा था कि उसने राजद्रोह के मामले में लगने वाली भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए की फिर से जांच करने और इस पर दोबारा विचार करने का फैसला किया है। केंद्र सरकार ने हलफनामा के जरिये कहा था कि इस प्रावधान के बारे में विभिन्न न्यायविदों, शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों और सामान्य रूप से नागरिकों की ओर से सार्वजनिक रूप से अलग-अलग विचार व्यक्त किए गए हैं। केंद्र सरकार ने कहा है कि देश को आजाद हुए 75 वर्ष हो चुके हैं, इसलिए प्रधानमंत्री अपने औपनिवेशिक बोध को दूर करने की दिशा में काम करना चाहते हैं। इसी भावना के तहत केंद्र सरकार ने 2014-15 में 1500 से अधिक पुराने कानूनों को खत्म कर दिया है। केंद्र सरकार ने 25 हजार से अधिक अनुपालन बोध को भी समाप्त कर दिया है, जो हमारे देश के लोगों के लिए गैर जरूरी बाधा उत्पन्न कर रहे थे। विभिन्न किस्म के अपराध जो लोगों को बिना सोचे समझे बाधा पहुंचा रहे थे, उन्हें अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया गया है। कोर्ट ने 5 मई को कहा था कि सबसे पहले वो इस बात पर विचार करेगा कि मामला संविधान बेंच को सौंपा जाए या नहीं। 15 जुलाई, 2021 को सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस एनवी रमना ने केंद्र सरकार से पूछा था कि क्या आजादी के 75 साल बाद भी राजद्रोह जैसे कानून की जरूरत है।

# ब्रिज हादसाः अब तक 9 लोग गिरफ्तार



**मोरबीः** गुजरात के मोरबी पुल हादसे में पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार को पुल का रखरखाव करने वाली ओरेवा कंपनी के 9 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें कंपनी के दो मैनेजर, हाल ही में ब्रिज की रिपेयरिंग करने वाले दो कॉन्ट्रैक्टर, दो टिकट क्लर्क और तीन सिक्योरिटी गार्ड शामिल हैं। राजकोट रेंज के आईजी अशोक कुमार ने शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 50 लोगों की टीम मामले की जांच में जुटी है। पत्रकारों ने उनसे सवाल किया कि इस हादसे के लिए जिम्मेदार बड़े लोगों को कब गिरफ्तार किया जाएगा। इस सवाल पर आईजी ने कहा- अभी तक जिनकी भूमिका सामने आई उन्हें गिरफ्तार किया गया। जैसे-जैसे नाम सामने आते जाएंगे और गिरफ्तारियां होती जाएंगी।

**अब तक 134 की मौतः** गुजरात के मोरबी पुल हादसे में मृतकों की संख्या सोमवार सुबह 134 पहुंच गई। इनमें 45 की उम्र 18 साल से कम है। मृतकों में महिलाओं और बुजुर्गों की संख्या ज्यादा है। 170 लोग रेस्क्यू किए गए हैं। हादसा रविवार शाम 6.30 बजे तब हुआ, जब 765 फीट लंबा और महज 4.5 फीट चौड़ा केबल सस्पेंशन ब्रिज टूट गया। 143 साल पुराना पुल ब्रिटिश शासन काल में बनाया गया था। यह पुल पिछले 6 महीने से बंद था। कुछ दिन पहले ही इसकी मरम्मत की गई थी। हादसे से 5 दिन पहले 25 अक्टूबर को यह ब्रिज आम लोगों के लिए खोला गया। रविवार को यहां भीड़ क्षमता से ज्यादा हो गई। हादसे की भी यही वजह बताई जा रही है। हादसे का 30 सेकेंड का वीडियो भी सामने आया है। इसमें 15 सेकेंड के बाद पुल टूट गया और लोग मच्छू नदी में समा गए।

**राष्ट्रीय एकता दिवस पर बोलते-बोलते पीएमन मोदी का गला रूंधाः पीएम** मोदी केवड़िया में राष्ट्रीय एकता दिवस पर बोल रहे थे। इस दौरान वे भावुक हो गए। कहा- जिन लोगों को अपना जीवन गंवाना पड़ा, उनके परिवारों को प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

### 'मन व्यथित था, कर्तव्य यहां लाया' : पीएम मोदी

**बनासकांठाः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को बनासकांठा के थराड़ जिले में कई योजनाओं की नींव रखने पहुंचे। मोरबी में हुए हादसे को लेकर पीएम मोदी यहां संबोधन के दौरान काफी भावुक दिखाई दिए। पीएम ने कहा कि वे इस बात को लेकर असमंजस में थे कि वह इस प्रोजेक्ट की लॉन्चिंग के कार्यक्रम में शामिल हों या न हों। पीएम ने कहा कि वे यहां के लोगों के प्यार की वजह से हिम्मत जुटाकर कार्यक्रम में आए। अपने भाषण के दौरान पीएम कई बार बीच में ही रुक गए। पीएम ने गुजराती में कहा, "मोरबी में भयंकर पीड़ादायक हादसा हुआ।" इस दौरान मोदी की आवाज भारी हो गई और वे काफी भावुक दिखाई दिए। पीएम ने कहा, "मन बहुत व्यथित है। मैं दुविधा में था कि विकास के कार्यक्रम जो हैं, उन्हें करुं कि न करुं। बनासकांठा के लिए ये कार्यक्रम जरूरी हैं।

## राजकोषीय घाटा अप्रैल-सितंबर में बढ़कर 6.20 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर सरकार को झटका लगने वाली खबर है। केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा पहली छमाही के दौरान बढ़कर 6.20 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो वित्त वर्ष 2022-23 के निर्धारित लक्ष्य का 37.3 फीसदी है। वित्त मंत्रालय ने जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी है। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में राजकोषीय घाटा में इजाफा हुआ है। वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही में राजकोषीय घाटा 6,19,849 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में बजट अनुमान का 35 फीसदी था। राजकोषीय घाटा केंद्र सरकार के व्यय एवं राजस्व के बीच के अंतर को दशार्ता है। दरअसल यह आंकड़ा बताता है कि अप्रैल-सितंबर की अवधि में सरकार की करों समेत कुल प्राप्तियां 12.03 लाख करोड़ रुपये रही हैं, जो वित्त वर्ष 2022-23 के बजट अनुमान का 52.7 फीसदी है। पिछले वर्ष की समान अवधि में सरकार की कुल प्राप्तियां वित्त वर्ष 2021-22 के बजट अनुमान का 55.6 फीसदी रहीं थी। सीजीए के आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही में केंद्र सरकार को करीब 10.11 लाख करोड़ रुपये का कर राजस्व मिला, जो बजट अनुमान का 52.3 फीसदी है। इस दौरान सरकार का व्यय पहली छमाही में 18.23 लाख करोड़ रुपये रहा, जो कुल बजट अनुमान का 46.2 फीसदी है।

## कांग्रेस जाति आधारित जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक करने के पक्ष में: राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि वह जाति आधारित जनगणना और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से जुड़े आंकड़ों को सार्वजनिक करने का समर्थन करते हैं। राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान तेलंगाना के कोथुर में एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सामाजिक-आर्थिक एवं जाति-आधारित जनगणना सबसे पहले कांग्रेस ने शुरू की थी। यह जरूरी है कि लोग भारतीय आबादी की संरचना को समझें। उल्लेखनीय है कि 2011 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार के दौरान सामाजिक आर्थिक और जातिगत जनगणना की गई थी। हालांकि अंतर्निहित त्रुटियों का हवाला देते हुए इसका डेटा प्रकाशित नहीं किया गया था। राहुल गांधी ने एक बार फिर केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर कुछ व्यापारियों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मीडिया, न्यापालिका और नौकरशाही पर लगातार हमले किए जा रहे हैं। केन्द्र में सत्ता में वापसी पर कांग्रेस सुनिश्चित करेगी की सभी निकाय स्वतंत्र हों। कांग्रेस नेता ने इस बात को भी स्पष्ट किया की उनकी पार्टी का टीआरएस से कोई समझौता नही होने वाला है।


### जीएसटी संग्रह अक्टूबर में 1.5 लाख करोड़ रुपये के पार रहने की संभावना

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर मंगलवार को अच्छी खबर मिलने की उम्मीद है। अक्टूबर महीने में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 1.50 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रहने की संभावना है। दरअसल, एक नवंबर को जीएसटी संग्रह के आंकड़ें आएंगे। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक अक्टूबर महीने में जीएसटी संग्रह 1.50 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रहने की उम्मीद है। सितंबर महीने में जीएसटी संग्रह 1.47 लाख करोड़ रुपये रहा था।

## एक नवंबर से बंद हो जाएंगी योग की 590 कक्षाएं: सिसोदिया

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में केजरीवाल सरकार और उपराज्यपाल (एलजी) के बीच तनातनी कम होने का नाम नहीं ले रही है। अब दिल्ली में दिल्ली की योगशाला बंद करने के आदेश पर एलजी और दिल्ली सरकार आमने-सामने हैं। योगशाला की कक्षाएं एक नवंबर से बंद हो जाएगी। इसकी जानकारी सोमवार को दिल्ली के उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने ट्वीट करके दी। उन्होंने इस संबंध में एक ट्वीट को रीट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि यूनिवर्सिटी का बोर्ड चाहता है कि दिल्ली के आम लोगों के लिए योगशाला चले, सरकार ने बजट भी दे रखा है, लेकिन फिर भी अफसरों को डरा-धमकाकर दिल्ली की योगशाला बंद करने का आदेश जारी करा दिया गया है। जिससे फिलहाल कल से दिल्ली के पार्कों में योग की 590 कक्षाएं बंद हो जाएंगी। जानकारी के अनुसार, ट्विटर पर दिल्ली की योगशाला के ट्विटर हैंडल से एक ट्वीट किया गया। लिखा गया कि साथियों दिल्ली की योगशाला की क्लासेज, कल यानी 1.11.22 से सरकारी आदेश के अनुसार बंद की जा रही है।

## व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने सोमवार को फिर दिल्ली में नाइट लाइफ बेहतर बनाने के लिए उक्त व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन किया। राजधानी में रेस्तरां, ईटिंग हाउस और होटलों की लाइसेंसिंग आवश्यकताओं को आसान और सुगम बनाने के लिए संबंधित विभागों व एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों की समिति का गठन किया है। समिति टूरिज्म क्षेत्र को बढ़ावा देने के नाइट रेस्टोरेंट, फूड आउटलेट, ओपन एयर रेस्टोरेंट आदि कहां चलाए जा सकते हैं, इस सब पर विचार करेगा और उन्हें लाइसेंस देने की प्रक्रिया को सरल बनाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, दिल्ली सरकार के प्रमुख सचिव (गृह) की अध्यक्षता वाली और आईटी विभाग, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), एमसीडी, दिल्ली पुलिस, अग्निशमन सेवा और एनडीएमसी के वरिष्ठ प्रतिनिधियों को समिति में शामिल किया जाएगा।

समिति अन्य बातों के साथ-साथ लाइसेंसों की संख्या को कम करने, संशोधित करने और हटाने पर ध्यान केंद्रित करेगी। मौजूदा कानून में कोई जटिल प्रक्रिया है, उसे भी सरल किया जाएगा। वहीं न्यूनतम दस्तावेज, लाइसेंस देने के लिए निश्चित समय-सीमा, सिंगल विंडो तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। समिति सदस्यों को सुझाव के लिए अपनी सुविधानुसार होटल, रेस्तरां एसोसिएशन को समिति में शामिल करने की छूट दी गई है।

## सरदार पटेल भारत के जन-मन के नायक हैं: बिरला

**नई दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी सरदार वल्लभ भाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की ।संसद सदस्यों, पूर्व सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी पटेल की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की ।

इस अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोक सभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड), द्वारा शिक्षा मंत्रालय और युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के समन्वय से संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में आयोजित एक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में देश भर के राज्यों और दो संघ राज्य क्षेत्रों के स्कूलों और कॉलेजों से चुने गए 75 युवा प्रतिभागी सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धासुमन अर्पित करने के समारोह में शामिल हुए।

## फेक न्यूज से निपटने को एल्गोरिदम शक्ति का हो उपयोग: चुनाव आयुक्त




**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को कहा कि फेक न्यूज के मामले में चुनाव प्रबंधन निकायों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के साथ सीधा संपर्क साधना चाहिए। उनके पास एल्गोरिदम शक्ति है। इससे प्रचलित तौर-तरीकों से फैलाई जा रही फेक न्यूज पर अधिक प्रभावी नियंत्रित संभव है। जिससे इन स्वतंत्रता के अधिकारों को बनाए रखने में मदद मिलेगी। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पाण्डेय के साथ आज निर्वाचन प्रबंधन निकायों की भूमिका, प्रारूप और क्षमता विषयक दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस सम्मेलन का आयोजन भारत निर्वाचन आयोग ने नई दिल्ली में निष्पक्ष चुनाव के लिए साझेदारी के तहत किया। इसका गठन दिसंबर, 2021 में लोकतंत्र के लिए शिखर सम्मेलन के क्रम में किया गया था। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रबंधन निकायों की अपेक्षा गैर-वाजिब नहीं है कि वे ज्ञात तौर-तरीकों और शैलियों वाली फेक न्यूज को ज्यादा मजबूती या शुरूआत में ही नियंत्रित करें। सक्रियता से फेक न्यूज का मुकाबला करने से भरोसेमंद चुनावी परिणाम देखने को मिलेंगे। इससे स्वतंत्रता के अधिकारों को बनाए रखने में मदद मिलेगी जिनके आधार पर ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फलते-फूलते हैं। उद्घाटन समारोह में अपने मुख्य वक्तव्य में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि मुक्त, निष्पक्ष, समावेशी, सुगम्य और प्रलोभन रहित चुनाव लोकतांत्रिक सिद्धांतों की बुनियाद हैं।

यह शांति और विकासात्मक लाभों की पहली शर्त है। सीईसी राजीव कुमार ने भारत में लोकतंत्र के विचार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोकतंत्र हमेशा भारतीय लोकाचार और जीवन जीने का एक तरीका रहा है। विविध प्रकार के मत, संवाद, चर्चाएं, सामंजस्य और गैर-आक्रामकता हमारी संस्कृति का आंतरिक हिस्सा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणामों में लोगों का भरोसा एक स्वस्थ लोकतंत्र का सबसे बुनियादी सिद्धांत है।

## समुद्री सुरक्षा मजबूत करने के लिए शुरू हुआ नौसेना कमांडरों का सम्मेलन




**नई दिल्ली।** भारत की समुद्री सुरक्षा मजबूत करने के इरादे से भारतीय नौसेना के कमांडरों का सम्मेलन सोमवार से नई दिल्ली में शुरू हुआ। इसमें सभी ऑपरेशनल और एरिया कमांडर प्रमुख 3 नवंबर तक विचार मंथन करके नौसेना की गतिविधियों के लिए भविष्य का रोडमैप तैयार करेंगे। सम्मेलन में हथियारों और सेंसर के प्रदर्शन तथा नौसेना के प्लेटफार्मों की तैयारी की समीक्षा भी की जाएगी। नौसेना कमांडरों का पहला सम्मेलन इसी साल 25 से 28 अप्रैल के दौरान दिल्ली के अफ्रीका एवेन्यू स्थित रक्षा कार्यालय परिसर में हुआ था। अब दूसरे संस्करण में नौसेना कमांडर नौसेना की युद्धक क्षमता बढ़ाने के तरीकों की तलाश करेंगे।

# करछना विकास खंड के डीहा में अमृत सरोवर का विधायक ने किया उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** ब्लॉक करछना के डीहा गांव स्थित और नवनिर्मित अमृत सरोवर का शुभारंभ पुरोहितों की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोचार के साथ सोमवार को किया गया। शुभारंभ के दौरान अमृत सरोवर पर लोगों की भीड़ जुटी रही। उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रुप में करछना विधायक पीयूष रंजन निषाद व विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि करछना कमलेश द्विवेदी मौजूद रहे। करछना विधायक पीयूष रंजन निषाद ने अमृत सरोवर के उद्घाटन के पश्चात लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार की ओर से किए जारहे जन कल्याणकारी योजनाओं के विषय में लोगों को एक-एक करके गिनाया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि करछना कमलेश द्विवेदी ने ब्लॉक में कराए जा रहे सभी विकास कार्यों को एक-एक करके लोगों के बीच में गिनाया। साथ ही साथ मोदी और योगी सरकार की उपलब्धियों का बखूबी बखान भी किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा यमुनापार के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडेय ने किया। इस मौके पर पूर्व सदस्य जिला पंचायत त्रिवेणी प्रसाद पांडेय कमलेश सिंह शशिकांत पांडेय आशीष पांडेय सूर्यकांत मिश्र दूधनाथ यादव राज प्रताप सिंह ग्राम प्रधान प्रेमचंद्र आदिवासी प्रमोद तिवारी सुरेश पांडेय नकुल प्रसाद निषाद बब्बू मिश्र सुरेंद्र सिंह सहित तमाम भाजपाई लोग मौजूद रहे।



## एकता दिवस के रूप में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती

**शंकरगढ़।** न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय के प्रबंधक प्रकाश चंद्र मिश्रा ने पटेल के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शिक्षकों को देश की एकता और अखंडता के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि भारत को आजादी मिलने के बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल की पूरे राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। यही कारण है कि वल्लभभाई पटेल की जयंती को पूरे देश में राष्ट्रीय एकता दिवस ( नेशनल यूनिटी डे ) के तौर पर मनाया जाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य वेद प्रकाश मिश्रा ने कहा कि पहली बार राष्ट्रीय एकता दिवस 2014 में मनाया गया था। सरदार पटेल आजादी के बाद देश के पहले उपप्रधानमंत्री और गृह मंत्री भी थे। इसके बाद उपस्थित शिक्षकों ने लौहपुरुष की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर अनुज मिश्रा, बी एल सोनी, राहुल राव, अंजू केसरवानी, ओपी गुप्ता, जाह्नवी जायसवाल,सहित सभी शिक्षक व शिक्षिका मौजूद रहे।

# सरदार पटेल की जयंती पर बच्चों ने बनाई मानव श्रृंखला, लिया एकता का संकल्प



**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** देश की आजादी आंदोलन के महानायक के रूप में रियासतों को एक कर जिस तरह से सरदार पटेल ने अपने अदम्य साहस का परिचय दिया आजाद भारत उनका सदैव ऋणी रहेगा। दृढ़ विश्वास के साथ राष्ट्रीय एकता को समर्पित उनका लोकजीवन नई पीढ़ी के राजनयिकों और देश के आम जनमानस के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी पावन जयंती के इस अवसर पर हम सबको राष्ट्रीय एकता का संकल्प लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है।यह बातें सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर रामपुर स्थित बृज मंगल सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों के बीच कही। सरदार पटेल के कृतित्व और व्यक्तित्व को याद करते हुए सभी ने चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। राष्ट्रगान के उपरांत विद्यालय परिसर में बच्चों ने वृहद मानव श्रृंखला बनाकर राष्ट्रीय एकता का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रवक्ता जितेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, शिक्षक मोहम्मद परवेज सिद्दीकी और जगतपाल ने भी बच्चों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने पर जोर दिया। आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक सुरेश कुमार,चंद्रशेखर सिंह,मालती शर्मा ,सुधा सिंह, विजय सिंह,विशेश्व ओझा, कमला शंकर तिवारी,अशोक सिंह, राजकुमार विश्वकर्मा, विमला देवी समेत शिक्षक,कर्मचारी और बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

# वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर देर रात तक लगा रहा जाम, जाम में फंसी रही कई एंबुलेंस

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** प्रयागराज वाराणसी मार्ग पर सोमवार को दिन भर जाम लगा रहा जिसमे कई एम्बुलेंश फसी रही। शास्त्री पुल पर मरम्मत के लिए पुल को वनवे किया गया है। एक ही लेन से आवागमन हो रहा है जिसकी वजह से वाहनों के पहिए थमे रहे। कुछ दिनों तक यही हाल रहने की उम्मीद है।

वाराणसी मार्ग पर गंगा नदी पर बने पुल पर मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। मरम्मत का कार्य महीने भर पहले ही शुरू होना था लेकिन दुर्गा पूजा, दीपावली त्यौहार की वजह से उत्तरी लेन की छिलाई कर छोड़ दिया गया जिसकी वजह से लोग हादसे का शिकार हो रहे थे सोमवार से पुल पर फिर छिलाई का कार्य शुरू हुआ इस लिए पुल को वनवे कर दिया गया दक्षिणी लेन को आवागमन के लिए खोला गया है जिसकी वजह से सुबह से शुरू हुआ जाम का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। पुल से गुजरने वाले लोगों को घंटो जाम का जाम झेलना पड़ा जाम में कई एंबुलेंस फंसी रही। ट्रैफिक पुलिस के साथ जाम खुलवाने में लगी झूंसी पुलिस के पसीने छूट गए सीओ दारागंज आस्था जयसवाल, इंस्पेक्टर झूंसी वैभव सिंह सड़क पर उतर कर कमान संभाली पर हालात देर रात तक जस के तस बने रहे। बताया जा रहा है कि पुल पर जब तक मरम्मत का कार्य चलता रहेगा तब तक जाम की स्थिति ऐसे ही बनी रहेगी।



## :बरेस्ताकला:

## राम का राज्याभिषेक होने पर भंडारे का आयोजन

**प्रतापपुर/प्रतापपुर।** विधानसभा क्षेत्र के पड़री, बरेस्ताकला गांव में अविवाहित पात्रों द्वारा प्रतिवर्ष रामलीला का मंचन किया जाता है। रामलीला में राज्याभिषेक के बाद एवं रामलीला समापन के उपलक्ष्य में भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया। जिसमें इंजीनियर घनश्याम पांडेय पूर्व प्रत्याशी प्रतापपुर विधानसभा, संतोष सिंह, देवमणि मिश्र, बाबा तिवारी, डिम्पी पांडेय, विकास यादव, पिंटू मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# घाटों पर पुलिस के साथ सक्रिय रही डीसीपीसी की टीम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।**डाला छठ पर्व के दौरान पुलिस प्रशासन के साथ जिला अपराध निरोधक समिति ने भी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में बराबर सहयोग किया। जिला अपराध निरोधक समिति के तहसील सचिव, थाना कमेटी प्रभारी, वार्ड प्रभारी एवं महिला टीम प्रकोष्ठ प्रभारी, यूथ टीम प्रभारी, नगर यमुनापार, गंगापार अपने अधीनस्थों के साथ संगम, बलुआघाट, गऊघाट, अरैल, नैनी, मेजा, कोरांव, शिवकुटी, रसूलाबाद, फाफामऊ पूजन के दौरान मुस्तैद रहे। बलुआघाट बारादरी पर होने वाले डाला छठ पूजन के दौरान क्षेत्राधिकारी (नगर) तृतीय संजय सिंह एवं थानाध्यक्ष मुट्ठीगंज आशीष चौबे अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं महिला टीम के साथ पूरी मुस्तैदी के साथ पूजा शुरूआत से लेकर के समापन तक डटे रहे। संगम तट पर छठ पूजा के दौरान जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पांडेय, एसपी सिटी संतोष कुमार मीणा, एसपी गंगापार और यमुनापार भी अपनी-अपनी टीमों के साथ डटे रहे।जिला अपराध निरोधक कमेटी के समस्त स्वयंसेवक समय अनुसार घाटों पर पहुंचकर शांति सुरक्षा यातायात व्यवस्था में पुलिस प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग किया और चोर-उचक्कों पर पैनी नजर बनाए रखी। किसी प्रकार समस्या होने पर कंट्रोल रूम को तत्काल सूचना दी एवं भूले भटके लोगों को उनके परिजनों से मिलाकर मदद की। डाला छठ पर्व को संपन्न कराने के लिए नगर क्षेत्र के थाना दारागंज, मुट्ठीगंज, अतरसुइया, करेली, शाहगंज, खुल्दाबाद, कोतवाली, थाना शिवकुटी, थाना झूंसी, सराय इनायत एवं यमुनापार क्षेत्र के थाना नैनी,औद्योगिक क्षेत्र, करछना, कोरांव, मेजा, मांडा व खीरी के समस्त पदाधिकारी अपने अधीनस्थों के साथ डाला छठ पर्व का संपन्न कराने में बहुत ही सराहनीय कार्य किया।केंद्रीय कमेटी से लक्ष्मीकांत मिश्र एवं सचिव संतोष श्रीवास्तव के द्वारा नामित किए गए समस्त पदाधिकारियों ने बड़ी ही जिम्मेदारी और मुस्तैदी के साथ सेवा कार्य किया है। सचिव संतोष श्रीवास्तव ने डाला छठ पर महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पदाधिकारियों की सराहना की है।



## हार्टअटैक से 5 नाबालिग बच्चों के नौजवान पिता की मौत, परिजनों में कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत जलालपुर, नेदुला गांव निवासी दिनेश यादव उम्र 38 वर्ष पुत्र हरी लाल यादव जो कि अपना निजी वाहन चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे।सोमवार को करीब 11 बजे घर पर थे कि अचानक सीने में असहनीय दर्द हुआ और जमीन पर गिर पड़े परिजन आनन फानन में नेदुला बाजार इलाज हेतु लेकर भागे वहां के डाक्टरों ने स्थिति गंभीर बताई और प्रयागराज इलाज हेतु भेज दिया। परिजनों के अनुसार दिनेश को लेकर नेदुला से आगे बढ़े ही थे कि रास्ते में रस्तीपुर गांव में दिनेश की सांसें थम गई परिजन वापस लेकर घर लौटै। दिनेश की आकस्मिक मृत्यु की सूचना सुनकर परिजनों एवं ग्रामीणों में कोहराम मच गया सभी दिनेश की अचानक मृत्यु पर अवाक रह गए।चार भाईयों में दूसरे नंबर पर दिनेश को 4 बेटियां तथा सबसे छोटा एक बेटा है। बड़ी बेटी अभी 14 वर्ष की है उससे छोटी तीन बेटियां हैं सबसे छोटे एकलौते पुत्र की उम्र अभी 6 वर्ष है। दिनेश यादव बहुत सरल सीधे मिलनसार एवं हंसमुख किस्म के इंसान थे उनकी मृत्यु पर सभी अवाक एवं दुखी हैं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



# कोरांव पुलिस ने पैदल भ्रमण कर दीया लोगों को शांति का संदेश

## सड़क के पटरियों पर लगे मिले दुकान के सामान तो होगी कार्यवाहीः धीरेंद्र सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा/प्रयागराज।** क्षेत्र में शांति व्यवस्था व कानून व्यवस्था कायम रहे इसके लिए थाना प्रभारी निरीक्षक कोरांव धीरेंद्र सिंह ने पुलिस बल के जवानों के साथ कोरांव बाजार में फ्लैग मार्च कर लोगों को शांति व सुरक्षा का संदेश दिया। इस दौरान थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह ने कहा कि शांति व्यवस्था में खलल डालने वाले लोग कतई बख्शे नहीं जाएंगे। उन्हें कार्यवाही कर जेल भेजा जाएगा। बाजार में तेज रफ्तार दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चलाने वालों की भी खैर नहीं होगी। ओवरलोड वाहनों पर भी सिकंजा कसा जाएगा। उन्होंने बाजार में जाम की समस्या से निजात के लिए कहा कि लोग मनमाने तरीके से आड़े तिरछे सड़क पटरियों पर अपने वाहन खड़े कर देते हैं। जिससे बाजार में जाम की समस्या उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति का वाहन सड़क पर अवैध रूप से खड़ा मिला तो उसके विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने फुटपाथ एवं बाजार के दुकानदारों को भी सख्त निर्देश दिया है कि सड़क पटरियों पर अपनी दुकानें बढ़ाकर न लगाएं अन्यथा की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में उपनिरीक्षक अवधेश यादव, उप निरीक्षक मनोज यादव, समेत भारी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल रहे।



## जनसत्ता दल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया का मनाया गया जन्मोत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक यमुनापार जिला इकाई की ओर से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ पूरे जोर-शोर से सोमवार जगह जगह मनाया गया । साथ ही साथ उनके चित्र पर माल्यार्पण करके उनके दीघार्यु की कामना भी की गई । और आपस में मिष्ठान भी वितरित किया गया।

साथ ही साथ कार्यकताओं की ओर से गर्मजोशी के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष के समर्थन में नारे भी लगाए गए। करछना विधानसभा क्षेत्र के रोकड़ी बाजार में सोमवार को जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया का जन्मदिन पार्टी के कार्यकताओं की ओर से बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक यमुनापार के जिलाध्यक्ष विनीतपति त्रिपाठी मौजूद रहे। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष के चित्र पर माल्यार्पण करके उनके दीघार्यु की कामना की । साथ ही साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष के कृतित्व व व्यक्तित्व का विस्तार से बखूबी बखान भी किया । और जनसेवा का संकल्प भी दोहराया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रिंस सिंह परिहार की ओर से जन सेवा को अनवरत जारी रखने का आपस में संकल्प भी लिया गया। इस मौके पर प्रिंस सिंह ओमप्रकाश सिंह बाबा तिवारी मनिंदर सिंह राहुल सिंह पटेल ददन सिंह प्रेम प्रकाश शिवम सिंह विनय सिंह सूर्य प्रताप डीएम मिश्रा आदि कार्यकर्ता लोग मौजूद रहे ।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान ने उनको 'भारत के लौह पुरुष' के रूप में संदर्भित किया-प्रो0 राजीव मालवीय

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज जंघई मे सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई गई एवं 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया।इस अवसर पर प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय ने उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 146 वीं जयंती है। हर साल इस दिन को नेशनल यूनिटी डे या राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है सरदार वल्लभ भाई पटेल ने 560 रियासतों को भारत संघ में एकीकृत करने में अहम भूमिका निभाई थी राष्ट्र को एकजुट करने के लिए सरदार पटेल के किए प्रयासों को स्वीकार करने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है।राष्ट्रीय एकता की दिशा में उनके प्रयासों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को 'भारत के लौह पुरुष' के रूप में संदर्भित किया है। उनके योगदान का सम्मान करने के लिए हर साल 31 अक्टूबर को कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



## सरदार पटेल के जयंती समारोह में बोले वक्ता-

# रियासतों को एक कर अखंडता की रखी थी नीव

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** देश के प्रथम गृह मंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती स्कूल कालेज मे सोमवार के दिन धूमधाम से मनाई गई। सरदार पटेल की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया। पूरेखगन गांव स्थित बीएलसिंह पब्लिक कॉलेज के मुख्य संरक्षक पुष्पराज सिंह ने कहा कि सभी छात्रों को देश का इतिहास और संविधान से बेहतर तरीके से अवगत कराने की आवश्यकता है। ताकि वे राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत हो सके।स्कूली बच्चों में राष्ट्रप्रेम की भावना जगाने से देश का भविष्य तो सुरक्षित होगा ही प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने कहा कि राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को और अधिक मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। प्राचार्य कृष्ण शंकर तिवारी ने कहा कि सरदार पटेल देश के प्रमुख सामाजिक एवं राजनीतिक नेताओं में से एक थे। उन्होंने पूरे देश को एक सूत्र में बांधा। रेही कला स्थित पुरुषोत्तम सिंह इंटर कालेज में सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह ने कहा कि सरदार पटेल जी भारत को विखंडित होने से बचाया और 564 रियासतों को एक कर अखंड भारत की नींव रखी थी।इसके पेंटिंग व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय एकता दिवस को आयोजित पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दिया गया। शिक्षक विनय कुमार शर्मा, जगत बहादुर पटेल, पवन कुमार गुप्ता, महेश कुमार सिंह अशोक कुमार सुरेंद्र श्रीवास्तव आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## स्कूल कालेजों में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई जयंती



## पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को दी गई श्रद्धांजलि

**सहसों।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति से देश के प्रति विशेष भावना के साथ अपनी साख कायम रखने वाली ऐसी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि सोमवार को कांग्रेसियों ने शहादत दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहम्मद हलीम अंसारी की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई । इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता देवराज उपाध्याय ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शासनकाल में देश ने बहुत तरक्की की। इस मौके पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशफाक अहमद, अखंड प्रताप सिंह, गोविंद सिंह, सुभाष चन्द्र, दिलीप दूबे आदि उपस्थित रहे।

## विद्यालयों में मनाई गई सरदार पटेल की जयन्ती

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** क्षेत्र के विद्यालयों में प्रतिभा के धनी बेहद राष्ट्रभक्ति से संकल्पित लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया। विकास इंटर कॉलेज कसेरुआ कला सहसों में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता की गई जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में रहमान अंसारी प्रथम तथा रिया सिंह द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जगन्नाथ पाल ने कहा सच्चे अर्थों में वे लौह पुरुष थे। उनकी अखंड भारत की परिकल्पना तभी साकार होगी जब हम सब उनके बताए हुए रास्ते पर चलते हुए उनका अनुसरण करें। अरविंद चतुर्वेदी, जेपी यादव, आरती तिवारी, बीना राय आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय बभनकुइया, प्राथमिक विद्यालय चकिया घरहरा सहित क्षेत्र के प्रसिद्ध विद्यालयों में भी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर शिक्षक विनोद कुमार पांडे, अजीत सिंह, रितु पाल के नेतृत्व में बच्चों ने एकता अखंडता के साथ स्वच्छता की शपथ ली। इसी क्रम में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती पर सहसों बाईपास पर हरिओम चैरिटेबल ट्रस्ट में श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें शत-शत नमन किया गया।

## जल निकासी की व्यवस्था न होने से बहादुर शाह नगर के लोग परेशान

**रत्योरा/प्रयागराज।** नगर पंचायत कोरांव के आदर्श नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त कर चुकी नगर पंचायत कोरांव के बहादुर शाह नगर मोहल्ले में जल निकासी की व्यवस्था न होने से लोग परेशान हैं। इसी मोहल्ले में कब्रिस्तान भी स्थित है। जिस रास्ते पर गंदगी का अंबार लगा रहता है। नालियों एवं घरों के पाइपों का गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। जिससे तमाम प्रकार की संक्रामक बीमारियों के भी लोग शिकार हो रहे हैं। इतना ही नहीं इसी रास्ते से होकर कब्रिस्तान में मिट्टी दफन करने के लिए लोग पाक होकर जाया करते हैं। ऐसे में मोहल्ले के रहने वाले कलाम खान का कहना है कि मोहल्ले की गंदगी से लोग जहां पाक होकर आते हैं वही नापाक हो जाते हैं। उन्होंने नगर पंचायत प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मोहल्ले में जल निकासी की व्यवस्था हेतु नाली निर्माण कार्य कराए जाने एवं मोहल्ले की सड़क को ऊंची कराए जाने तथा साफ सफाई पर ध्यान देने की मांग की है। मोहल्ले के लोगों ने कहा है कि अगर मोहल्ले में बेहतर साफ सफाई नहीं की गई तो लोग संक्रामक बीमारियों से बीमार होते रहेंगे।

# हॉलैंड हॉल हास्टल से प्याज लुटेरा गिरफ्तार

**इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के सामने लूटे थे प्याज, 60 बोरी प्याज बरामद**



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** रविवार को आधी रात के बाद हुई प्याज की लूट का खुलासा दूसरे दिन ही हो गया। सोमवार को पुलिस ने लूट में शामिल एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया और साथ ही प्याज को बरामद कर लिया गया है। कर्नलगंज पुलिस 60 बोरी प्याज, 10 हजार रुपए के साथ दो वाहन भी बरामद की है।इस लूट में शामिल अभी दो अभियुक्त फरार चल रहे है, जिनकी पुलिस खोजबीन कर रही है। गिरफ्तार अभियुक्त कृष्ण कुमार पाल उर्फ सोनी पुत्र अंकेश कुमार पाल निवासी राजापुर चौबारा प्रयागराज का रहने वाला है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक विनय कुमार सिंह, राजेंद्र कुमार, सौरभ कुमार वर्मा समेत कांस्टेबल सूरज कुमार, कुलदीप यादव और सुरजेश यादव रहे। एसएसपी शैलेश पांडेय ने बताया कि तीनों अभियुक्त को छात्र बताते हुए हॉलैंड हॉल हास्टल में रह रहे थे। वह खुद को छात्र बताते थे। उनके बारे में विस्तृत जानकारी की जा रही है।

### सब्जी मंडी में प्याज उतरवाकर भेज दिया ट्रक

**अखंड भारत संदेश**

दरअसल, कौंधियारा के रहने वाले संदीप कुमार भारतीया रविवार की रात करीब दो बजे अपनी पिकअप पर प्याज लादकर प्रतापगढ़ जा रहे थे। उनके साथ उनके साथी प्रियांशु कुशवाहा भी थे। वह इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के सामने पहुंचे थे तभी हॉलैंड हास्टल के गेट पर कुछ युवकों ने पिकअप को रोक लिया। एक लाख रुपए की मांग करने लगे। नहीं देने पर युवकों ने धमकी देते हुए पिकअप को हॉलैंड हॉल हास्टल ले चलने के लिए कहा। वहां से सीधे पिकअप को सब्जी मंडी ले गए और वहीं पर प्याज उतरवा दिया और पिकअप वापस भेज दिया। संदीप ने तत्काल इसकी सूचना कर्नलगंज पुलिस को दी और पुलिस ने दूसरे दिन ही इसका खुलासा कर दिया ।

# पिकअप की टक्कर से बाइक चालक की मौत ,परिजनों में कोहराम

**लेडियारी नारीबारी मार्ग पर बहरैचा गांव के पास हुआ हादसा**

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा/प्रयागराज।** खीरी थाना क्षेत्र के लेडियरी नारीबारी मार्ग पर बहरैचा गांव के पास सामने से तेज रफ्तार अनियंत्रित होकर पिकअप चालक ने बाइक चालक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया । पिकअप चालक को खीरी बाजार में ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने रुकवाकर अपने कब्जे में लिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने निजी वाहन से जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने 16 वर्षीय युवक



को मृत घोषित कर दिया परिजनों में मातम छा गया मिली जानकारी अनुसार खीरी थाना क्षेत्र के बघोल गांव निवासी मनीष कुमार कोल उम्र16 पुत्र रमेश कुमार कोल सोमवार को दोपहर लेडियारी बाजार में बंटी मोबाइल सेंटर के यहां काम करता था । प्रतिदिन की तरह सोमवार को दोपहर को भी घर से अपने काम पर लेडियारी दुकान पर जा रहा था। लेडियारी नारीबारी मुख्यमार्ग पर बहरैचा गांव के पास लेडियारी की तरफ से तेज रफ्तार अनियंत्रित होकर पिकअप चालक ने सामने से आ रही बाइक चालक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया । पिकअप चालक ने गाड़ी लेकर भागने की कोशिश की किंतु ग्रामीणों की मदद से सूचना पर खीरी पुलिस ने खीरी बाजार में पिकअप को रुकवा कर चालक सहित अपने कब्जे में लेकर थाने ले गई।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने 16 वर्ष युवकों लेकर निजी वाहन से जिला अस्पताल प्रयागराज में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने गम्भीर रूप से घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# नवागंतुक कोतवाल बारा अनिल कुमार वर्मा ने किया पैदल मार्च

**अखंड भारत संदेश**



**बारा।** नवागंतुक बारा कोतवाल अनिल कुमार वर्मा ने अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने हमराहियों को लेकर पैदल गश्त बारा चौराहे से लेकर रिगवां मोड़ तक, सेहुंडा गाँव से नहर तक और नीबी लोहगरा में मार्च करते हुए लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का एहसास दिलाया।उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को किसी तरह की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।उन्होंने विश्वास दिलाते हुए कहा कि हो सकता है कि समस्या बताने में आपको विलम्ब हो,लेकिन समस्या दूर करने में हमें विलम्ब नहीं होगा।इस दौरान उनके साथ कई पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

# हिस्ट्रीशीटर पप्पू गंजिया की अग्रिम जमानत अर्जी पर विवेचक और थाना प्रभारी पर कार्रवाई के आदेश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिला न्यायाधीश संतोष राय ने हिस्ट्रीशीटर जावेद उर्फ पप्पू गंजिया की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को मामले के विवेचक और थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया है। जिला न्यायाधीश ने कहा है कि इस मामले में विवेचक और थाना प्रभारी की ओर से घोर लापरवाही की गई है और न्यायालय के आदेशों की अवहलेना की गई है। लिहाजा, दोनों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।मामले में जावेद उर्फ पप्पू गंजिया ने अपनी अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दाखिल की है। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पहले बताया गया कि याची के खिलाफ 40 आपराधिक इतिहास हैं। जबकि, याची की ओर से केवल सात आपराधिक इतिहास का विवरण दिया गया है। अभियोजन पक्ष की इस रिपोर्ट पर याची के अधिवक्ता ने आपत्ति जताई गई।

कहा कि नैनी पुलिस अधिक आपराधिक इतिहास दिखाकर ईनाम घोषित कराकर हत्या करना चाहती है।इस पर थाने से दूसरी सूची भेजी गई, जिसमें याची के खिलाफ 30 मामले बताए गए। इस पर जिला न्यायाधीश ने विवेचक या थाना प्रभारी को तलब करते हुए स्थिति को स्पष्ट करने के लिए कहा। इस दौरान नैनी पुलिस को स्पष्टीकरण देने केलिए लंबा समय दिया गया।

अदालत ने जिला शासकीय अधिवक्ता गुलाब चंद्र अग्रहरि से इस संबंध में जानकारी मांगी तो उन्होंने बताया कि मामले नैनी पुलिस को सूचित किया गया है। लेकिन, उनकी ओर से अभी तक कोई जवाब नहीं दिया गया है और न ही कोई उपस्थित हुआ है। शासकीय अधिवक्ता ने इसे न्यायहित में सही नहीं बताया। जिला न्यायाधीश ने स्थितियों को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को मामले के विवेचक और थाना प्रभारी पर कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

# महिला की मौत के बाद हंगामा, हत्या का आरोप, श्मशान घाट से शव पुलिस ने कब्जे में लिया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** दारागंज में वेणीमाधव मंदिर के पास रहने वाली साक्षी पांडेय(30)की मौत के बाद सोमवार को हंगामा हो गया। मायकेवालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पति, सास के खिलाफ तहरीर दी।

जिसके बाद पुलिस ने श्मशान घाट से शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पिछले छह दिन से मृतका स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती थी। 12 दिसम्बर 2019 को उसने अन्नू पांडेय से आर्य समाज से विवाह किया था। दीपावली के दिन वह संदिग्ध हाल में जख्मी हो गई। सिर में गंभीर चोट लगने पर उसे एसआरएन में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान सोमवार सुबह मौत होने के बाद सुसरालीजन शव लेकर दारागंज श्मशान घाट पहुंच गए। उधर जानकारी पर मुट्ठीगंज निवासी मायके के लोग पहुंचे और हत्या का आरोप लगाया। कहा कि अन्नू पांच लाख रुपये मांग रहा था। रुपये न देने पर उसने व उसकी मां ने मारापीटा व बेहोश होने पर अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिली तो पुलिस घाट पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर मायके वालों ने तहरीर भी दी। दारागंज इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि ससुरालवालों के मुताबिक, दीपावली पर बाइक से लौटते वक्त गिरकर पति-पत्नी जख्मी हुए थे। मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्ट्रेट गेट के पास मृत मिला वृद्ध

**प्रयागराज।** कलेक्ट्रेट गेट के पास सोमवार सुबह 65 वर्षीय चच्चूराम निवासी फकीरागंज कर्नलगंज संदिग्ध हाल में मृत मिला। उसका विवाह नहीं हुआ था। वह अपने दूर के रिश्तेदार परिवार संग रहता था। कपड़ों में मिले आईडी प्रूफ से उसकी पहचान हुई। चचेरी बहू साधना ने मौके पर पहुंचकर शिनाख्त की।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल को माल्यार्पण कर किया याद

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा/प्रयागराज।** भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के मौके पर चितौरी गांव में स्थापित सरदार पटेल की प्रतिमा पर आज एक बड़े समारोह के दौरान माल्यार्पण करके जहां उनको याद किया गया,वहीं पर आयोजित सभा में लोगों ने सरदार पटेल के विचारों से लोगों को अवगत कराया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक डॉ० वाचस्पति ने कहा कि सरदार पटेल का सपना था कि भारत के किसान और मजदूर को देश के विकास में बराबर भागीदारी मिले।

आज देश की सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में उपस्थित ब्लाक प्रमुख जसरा अजीत सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा की सरदार पटेल का भारत की स्वतंत्रता में जितना बड़ा योगदान है उससे ज्यादा योगदान एक संगठित और अखंड भारत के निर्माण में है। वरदोली का किसान आंदोलन वल्लभ भाई पटेल को सरदार बना



दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार विजय चितौरी ने कहा कि आज के युग में सरदार पटेल और नेहरू को अलग-अलग करके दिखाने का जो प्रयास किया जाता है यह वास्तविकता से दूर है।

जहां नेहरू विदेशी नीतियों के अच्छे ज्ञाता थे वहीं पर सरदार पटेल भारत की एकता के लिए अति आवश्यक है सरदार पटेल गृह मंत्री होने के नाते देश के कई फैसला लेने में सक्षम थे आज का अखंड भारत सरदार पटेल की दृढ़ता का प्रतीक है । कार्यक्रम का संचालन अर्जुन सिंह पटेल ने किया तथा संयोजक मान सिंह पटेल ने आए हुए लोगों का आभार व्यक्त किया ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से आनंद जायसवाल , सावंत सिंह ,अभिषेक पटेल , साकेत सिंह ,फूलचंद पटेल , राजमणि पटेल , आचार्य राममूर्ति , चंद्रबली पटेल , धर्मेंद्र पटेल , आरपी त्रिपाठी , नंदलाल पाल , दिनेश श्रीवास्तव , जीवन भाई पटेल ,मौजूद रहे ।

### एकता उत्सव के रूप में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती

**सहसों।** भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती पर नगर निकाय चुनाव वार्ड संख्या 25 मलावा बुजुर्ग में एकता उत्सव दिवस के रूप में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती मनाई गई। इस अवसर पर मलावा बुजुर्ग वार्ड के सभी बूथों पर प्रतिभा के धनी राष्ट्रभक्त सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर के जयन्ती मनाई गई। तत्पश्चात प्राथमिक विद्यालय में साफ सफाई का कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से वार्ड प्रभारी एवं वार्ड अध्यक्ष नीरज सिंह, वार्ड संयोजक शिवाकांत मौर्य, वार्ड मंत्री अनिरुद्ध पांडे, बूथ अध्यक्ष शिव कुमार, चन्द्रकेश मौर्य, सुजल कुशवाहा सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सरदार पटेल अखंड भारत की नींव रखी थी

**अखंड भारत संदेश**

**हनुमानगंज।** स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती आशुतोष मेमोरियल स्कूल में धूमधाम से मनाई गई। स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका स्मरण किया और उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विद्यालय में एक मशाल जुलूस निकाला गया जिसमें बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

विद्यालय की कोऑर्डिनेटर अदिति सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने देश की आजादी के बात देश की 500 से अधिक रियासतों को भारत में शामिल कर एक अखंड भारत की नीव रखी। उन्होंने आजीवन देश की एकता और अखंडता के लिए प्रयास किया। आज हम जिस गौरवशाली भारतवर्ष में रह रहे हैं सही मायने में उसके लिए सरदार पटेल नहीं रखी थी। वर्तमान



परिस्थितियों में सरदार पटेल द्वारा राष्ट्र हित में लिए गए फैसले की याद ताजा हो जाती है। विद्यालय के प्रबंधक डॉ गिरीश कुमार पांडे ने भी लौह पुरुष को याद करते हुए कहा कि यदि हम सरदार पटेल के दिखाए गए मार्ग पर चलते रहे तो भारत को विश्व गुरु बनने में कोई नहीं रोक सकता।

# श्री देवी प्रसाद महाविद्यालय पिलखिनी में लौह पुरुष का जन्म दिन मनाया गया



**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** श्री देवी प्रसाद महाविद्यालय पिलखिनी जंघई में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया।इस अवसर पर सर्वप्रथम लौह पुरुष के चित्र पर डॉ० प्रदीप कुमार ने माल्यार्पण किया। उसके पश्चात प्राध्यापक कमलेश कुमार ने सभी छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ बनाने के लिये शपथ दिलाया और छात्र छात्राओं के साथ एकता दौड़ का भी आयोजन कराया। इस कार्यक्रम में रामकैलाश, प्रदीप, मनोज, सत्यम, देवेन्द्र, दिनेश एवं सभी प्राध्यापकों ने अपना सहयोग दिया।

### दहेज की मांग न पूरी होने पर विवाहिता को ससुरालियों ने मारा पीटा

**मऊआइमा।** दहेज की मांग न पूरी होने पर विवाहिता को ससुरालियों ने मार पीट कर जख्मी कर दिए। सूचना पर मयके वाले घर लाए तथा पति सहित चार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला आजमपुर निवासी लालजी माली ने अपनी पुत्री सुनैना की शादी 10 दिसम्बर 2020को जौनपुर के ग्राम सरायबीका पवारा निवासी सुजीत कुमार माली पुत्र स्वर्गीय प्रेम चन्द्र के साथ हुई की थी। सुनैना का आरोप है कि उसका पति शराब पीकर आकर उसे बुरी तरह पीटता है और दहेज लाने की बात कहता था। कई बार पंचायतों के बाद भी पति के रवैये में कोई सुधार नहीं हुआ । सुनैना का आरोप है कि 26अक्टूबर को उसे ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज के लिए बुरी तरह मार पीट कर जख्मी कर दिया गया । वह अपने पिता और भाई को फोन की और वह लोग चार पहिया वाहन लेकर आए और उसे मयके लाए। सुनैना ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर पति सुजीत माली ,सास कमला देवी ,जेठ जेठानी नाम अज्ञात के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दी है।

# 565 रियासतों को एक कर बनाया अखंड भारत: अश्विनी पटेल

**जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किए गए सरदार वल्लभ भाई पटेल, शंकरगढ़ ब्लाक परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि**





**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** अखंड भारत के निमार्ता, लौहपुरुष, भारत रत्न, सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती सोमवार को पूरे जनपद में धूमधाम से मनाई गई। इसी क्रम में शंकरगढ़ ब्लाक परिसर में आयोजित जयंती समारोह में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष अश्विनी कुमार सिंह पटेल ने लौहपुरुष की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कहा, " एक भारत श्रेष्ठ भारत " और अखंड भारत को एक सूत्र में बांधने के साथ-साथ वह राष्ट्रवाद के पथ प्रदर्शक थे। सरदार पटेल के बताए पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लेते हुए कहा, सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 1875 में नडियाद गांव गुजरात में हुआ था। 22 वर्ष की अवस्था में मैट्रिक उत्तीर्ण कर 32 वर्ष की आयु में कानून की पढ़ाई पढ़ने इंग्लैंड गए और 36 महीने की पढ़ाई 30 महीने में ही पूरी कर स्वदेश लौट आए। और, अहमदाबाद में एक सफल अधिवक्ता के रूप में कार्य किया।

वह तीन बार अहमदाबाद के नगर पालिका के अध्यक्ष रहे और महात्मा गांधी से प्रेरित होकर स्वतंत्रता आंदोलन की लड़ाई में शामिल हो गए। उन्होंने 1932 प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दायित्व संभाला। तत्पश्चात वह लगातार राष्ट्रवाद और स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रहे। वह कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष 1945 तक रहे। इस दौरान अंग्रेजों ने किसानों पर कर लगा दिया था, जिसके विरोध में उन्होंने सविनय अवज्ञा आंदोलन के माध्यम से बारदोली सहित गुजरात के आसपास के इलाकों में उन्होंने आंदोलन किया, जिससे अंग्रेजों ने कर वापस लिया।

इस आंदोलन में महिलाओं ने उन्हे सरदार की उपाधि दी। वह आजादी के बाद भारत के प्रथम गृह मंत्री और उप प्रधानमंत्री रहे और 565 रियासतों को एकजुट कर भारत में विलय कराया। जयंती समारोह में शंकरगढ़ ब्लॉक प्रमुख निर्मला देवी, बीडीओ शंकरगढ़, प्रधान संघ अध्यक्ष पुष्पराज सिंह, प्रधान गुलाब, जिला मंत्री शिवराम सिंह परिहार, जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी, अखिलेश पटेल, अमित सिंह, अनुपम सिंह, अजय सिंह, महेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### बच्चो ने रैली निकाल दिया एकता का संदेश

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस पर सोमवार को न्याय नगर पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने रैली निकालकर एकता और अखंडता का सन्देश दिया। प्रधानाचार्य डॉ बुशरा मुस्तफा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके पहले बच्चों ने प्रार्थना



सभा में कई भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को देश की एकता व अखंडता की शपथ भी दिलाई गई। कक्षा 3 से 5 तक के छात्रों द्वारा राष्ट्रीय एकता के भाव को स्लोगन व चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। कक्षा 9 से 12 के छात्रों द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल व एकता परिदृश्य पर कोलाज के साथ उनके विचारों को सुंदर पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रबंध कमेटी के सदस्य व शिक्षक शिक्षिकाओं ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# बलिदान दिवस पर इंदिरा गांधी तथा जयंती पर पटेल की स्मृतियों को किया गया नमन

## राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी विविध कार्यक्रमों मे हुए शामिल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य एवं स्टीयरिंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने गुजरात के मच्छू नदी पर मोरबी मे हुए पुल हादसे की घटना को अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए इसे लोक सम्पत्तियों के निजीकरण के सरकार के गलत प्रबंधन का भी कष्टदायी नतीजा करार दिया है।

सोमवार को रामपुर खास के दौरे पर आये सांसद प्रमोद तिवारी लालगंज चैक पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा अमर शहीद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बलिदान दिवस व सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए। सांसद प्रमोद तिवारी ने इंदिरा गांधी की प्रतिमा व सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। उन्होनें कहा कि दोनों महान नेताओ ने देश की एकता और अखण्डता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। श्री तिवारी ने कहा कि जहां सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में बांधा वहीं इंदिरा गांधी ने आजादी के बाद देश की एकता और अखण्डता के लिए सर्वोच्च बलिदान देकर अपने प्राणों की आहुति दी। कार्यक्रम का संयोजन चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, व्यापार मण्डल अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, हाजी मो. शरीफ, छोटे लाल सरोज, धीरेन्द्रमणि शुक्ल, सिंटू मिश्र, संतोष पाण्डेय, कुलभूषण शुक्ल, मक्खन शुक्ला, महानंद पाण्डेय, पप्पू जायसवाल, भूपेन्द्र तिवारी काजू आदि रहे।



इंदिरा चौक पर इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते सांसद प्रमोद तिवारी।

## पेंटिंग और दौड़ में अव्वल आने वाले छात्रों को मिला पुरस्कार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के फ्री स्टडी सेंटर भंगवा में पेंटिंग और खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें सीनियर वर्ग में छात्रा साहिबा की पेंटिंग को पहला स्थान मिला। प्रिया और सिमरन को दूसरा और तीसरा। जूनियर वर्ग में खुशी पहले और रुचिका दूसरे स्थान पर आई। दौड़ में अंश कुमार पहले, प्रदीप,और सत्यम दूसरे और तीसरे स्थान पर आए। निखिल, हिमांशु, शिवम और शुभम निर्णायक की भूमिका में रहे। सेंटर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने विजेताओं को स्कूली बैग, टीशर्ट और स्टेशनरी बतौर पुरस्कार दी। उन्होंने कहा कि छात्रों को वल्लभ भाई पटेल के जीवन से सीख लेनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिभावक मोहन ने की। संचालन राहुल ने किया।

## सरदार पटेल के व्यक्तित्व कृतित्व पर डाला गया प्रकाश

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी प्रतापगढ़।** सोमवार को पट्टी तहसील क्षेत्र के नव प्रभात एकेडमी प्रांगण में धूमधाम से सरदार बल्लभ भाई पटेल की 145 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। मौजूद वक्ताओं ने इस दौरान उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। सोमवार को विद्यालय परिसर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 145 वी जयंती मनाने के लिए सबसे पहले विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर तिवारी ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्र शेखर तिवारी ने कहा कि प्रबल इच्छाशक्ति के धनी, महान राष्ट्रवादी भारत के एकीकरण के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर देने वाले सरदार पटेल का देश हमेशा ऋणी रहेगा। उसके बाद विद्यालय की छात्रा अंजू यादव, शुभी पटेल, अंजू पटेल, गुड़िया, सक्षम यादव , अंश विश्वकर्मा ने राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुमन श्रीवास्तव, विनय अजय पटेल, मनीष सिंह, सुमित वर्मा सहित विनय यादव विपिन यादव केके यादव मनोज पाल गुलाब पटेल सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## इंदिरा गांधी का लोहा पूरे विश्व में माना जाता हैः लालजी

**अखंड भारत संदेश**



इंदिरा गांधी व रमजान अली के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी।

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई सरदार वल्लभ पटेल की जयंती और पूर्व जिला अध्यक्ष हाजी रमजान अली की पुण्यतिथि मनाई गई कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी और संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। जिला अध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी ने इंदिरा गांधी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी जी भारत की ताकतवर प्रधानमंत्री थी उन्होंने पाकिस्तान को युद्ध में हराकर बांग्लादेश बनवा दिया था उनका लोहा पूरे विश्व में माना जाता है। उन्होंने अपने कार्यकाल में पाकिस्तान के सैनिकों को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर कर दिया और भारत का झंडा लहराया और वह पूरे विश्व में आयरन लेडी के नाम से आज भी जानी जाती हैं और लोग उनकी प्रशंसा करते हैं। इस मौके पर डॉक्टर नीरज त्रिपाठी ने पूर्व जिला अध्यक्ष हाजी रमजान अली को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि हाजी रमजान अली विशाल प्रतिभा के धनी थे वह किसी भी कार्यकर्ता को निराश नहीं करते थे। इस मौके पर नगर अध्यक्ष इरफान अली, डॉ प्रशांत देव शुक्ला, कपिल द्विवेदी, महेंद्र शुक्ला, वेदांत तिवारी, आशुतोष तिवारी, सरोज कश्यप, रोहित शुक्ला, प्रेम शंकर, पूर्व जिला अध्यक्ष नरसिंह मिश्रा और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा आदि मौजूद रहे।

## जेएमजी स्कूल कालाकांकर में बच्चों ने मनाई जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर स्थिति जेएमजी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल कालाकांकर में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 147 वी जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में उत्साह पूर्वक सभी छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ मनाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मुनीश शर्मा ने प्रातः कालीन विशेष असेंबली में राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं अक्षुण्णता को बनाए रखने की शपथ दिलाई। बच्चों द्वारा अखंड भारत के मानचित्र का निर्माण करके एकता दौड़ का भी आयोजन किया गया। चेयरमैन विश्वनाथ शुक्ला ने इस अवसर पर स्कूल के सभी स्टाफ व बच्चो को अपनी शुभकामनाएं दी। स्कूल मुरस्सापुर में प्रधानध्यापक वकील अहमद व ग्राम प्रधान सुरेश कुमार यादव प्राथमिक विद्यालय नटोही में प्रधानाध्यापक एवं प्राथमिक शिक्षक अध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी ने लौह पुरुषब सरदार बल्लभ भाई पटेल की 147वीं राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में चित्र पर माल्यापर्ण कर बच्चों के साथ जयंती मनाई, जिसमे स्कूल के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।



स्कूल में भारत का मानचित्र बनाकर बैठे बच्चे।

## महक ने लंगड़ी, विक्रांत ने मेढ़क दौड़ में बाजी मारी

**प्रतापगढ़।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर संविलियन विद्यालय जोगापुर में खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित हुई। लंगड़ी दौड़ में प्राथमिक के पीयूष विश्वकर्मा और मिडिल की महक पाल ने पहला स्थान हासिल किया। मेढ़क दौड़ में मिडिल के अंश प्राथमिक के विक्रांत, पचास मीटर दौड़ में प्राथमिक की मानसी मिडिल की मुस्कान ने पहला स्थान प्राप्त किया। धीमी चाल में मिडिल के विकास पहले नंबर पर रहे। इसके पूर्व सरदार पटेल की तस्वीर पर फूल चढ़ाकर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंचार्ज उमा मिश्रा ने की। संचालन संकुल टीचर लक्ष्मी पटेल ने किया।

## श्रीराम का अवतार मनुष्यों का बेहतर चरित्र निर्माण करने के लिए हुआः विनय कृष्ण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मानस सत्संग समिति सहोदरपुर पूर्वी के तत्वधान में आयोजित मानस प्रवचन के प्रथम दिवस रविवार को अयोध्या धाम से आये कथा व्यास आचार्य विनय कृष्ण ओझा महाराज ने कथा प्रसंग के दौरान बताया कि भगवान ने जिस रूप में भी अवतार लिया है, उसमें संसार के लोगों को गहरा संदेश दिया है। भगवान के दिए गए संदेशो को यदि जीवन में ग्रहण कर लिया जाए तो अमूल्य मानव जीवन सार्थक हो जाएगा। कथा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम का अवतार मनुष्यों का बेहतर चरित्र निर्माण करने के लिए हुआ। भगवान श्री राम के चरित्र से प्रेरणा लेकर मनुष्य जीवन को धन्य करना चाहिये। भगवान शिव के विवाह की कथा का बहुत ही रोचक वर्णन किया भगवान हमारी हर प्रकार की इच्छा पूर्ति के लिए स्वयं को अपनी स्थिति से नीचे लाते है हम सबका भी दायित्व है कि ऐसे दयालु-कृपालु भगवान का गुणगान अवश्य करें। उनसे प्रेम का रिश्ता बनाये। संगीतमई कथा के दौरान श्रोता भाव विभोर हो उठे। इस अवसर पर विनोद कुमार सिंह, मलय कुमार सिंह, अवधेश सिंह, कन्हैया लाल द्विवेदी, धर्मेंद्र सिंह, लाल प्रताप सिंह, सुरेश शर्मा, रामसुंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में महिलायें व पुरुष उपस्थित रहे।

## सपाईयों ने मनाई सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर देश के प्रथम गृहमंत्री/उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई गयी। तत्पश्चात गोष्ठी का आयोजन कर उनके जीवन पर चर्चा की गई। अध्यक्षता नि. जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव व संचालन नि.महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सरदार बल्लभभाई पटेल एक दृढ़ संकल्प वाले कुशल नेता थे। जिनके प्रयासों और दूरदर्शिता के कारण देश की स्वतंत्रता के पश्चात 565 रियासतों का भारत संघ में विलय हो सका। इस दौरान समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने के लिए पूर्व एमएलसी आनन्द भूषण सिंह उर्फ बब्बू राजा व उनके पुत्र यशवर्धन सिंह अपने सैकड़ों साथियों के साथ नि.जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव, रानीगंज विधायक डा० आरके वर्मा, पट्टी विधायक रामसिंह पटेल की मौजूदगी में समाजवादी पार्टी में शामिल होकर सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर भईयाराम पटेल, गुलफाम खां, आशुतोष पाण्डेय, इरशाद सिद्दीकी, जगदीश मौर्या, इरफान खान, नरेंद्र पाल, रमेश यादव, डॉ रामबहादुर पटेल, डॉ शेर बहादुर यादव, सत्यनारायण यादव, रामधन यादव, गीता मिश्रा, उर्मिला यादव, सफात अहमद, रमाशंकर यादव, अहमद अली, निसार अहमद, वकार अहमद, मनीष पाल सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

### पूर्व एमएलसी आनंद भूषण सिंह ने ली सपा की सदस्यता



सपा की सदस्यता लेते आनद भूषण सिंह बब्बू राजा।

## कार्यकताओं ने धूमधाम से मनाया राजा भैया का जन्मदिन

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां/प्रतापगढ़।** प्रताप सदन में जनसत्तादल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कुंडा विधायक राजा भईया का जन्मदिन व सरदार वल्लभ भई पटेल की जयंती कार्यकताओं ने मनाई। इस दौरान जनसत्ता दल के कार्यकताओं ने जनसेवा नीति का संकल्प लिया और राजा भइया के नेतृत्व में मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राम अचल वर्मा, अनिल कुमार सिंह, मुन्ना सुजाखर, राजकुमार सिंह, विवेक त्रिपाठी, सुभद्रा सिंह, रीगन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। परियावां प्रतिनिधि के अनुसार जनसत्तादल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कुंडा विधायक राजा भईया का 53वां जन्म दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ 53 किलो का केक काटकर कार्यकर्ताओ ने मनाया।

जिसमे दोनों ब्लाक में राजा भैया कार्यकर्ताओ व समर्थकों ग्राम प्रधानों बीडीसी कोटेदारों की भीड़ लगी रही। सभी लोगो ने एक दूसरे को केक खिलाकर खुशी जाहिर किया। मुख्य रूप से एमएलसी गोपाल भैया, विधायक बिनोद सरोज, संतोष सिंह प्रमुख, हितेश प्रताप सिंह, ब्लाक अध्यक्ष कालाकांकर संजय त्रिपाठी, योगेन्द्र सिंह, गुड्डू ओझा, अनिल कुमार मौर्य प्रधान परियावां, सुरेश यादव प्रधान, तालुकदार सिंह प्रधान, डॉ सतपाल वर्मा प्रधान बीडीसी, राम खेलावन पटेल प्रधान, प्रकाश चन्द त्रिपाठी प्रधान, मनोज कुमार त्रिपाठी प्रधान, प्रदीप कुमार गुप्ता प्रधान, बबलू यादव प्रधान, ब्रजेश कुमार यादव प्रधान, प्रदीप त्रिपाठी प्रतिनिधि आदि लोग मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट प्रषिक्षण कार्य के लिये अनिल कुमार को मिला तीन प्रमाण पत्र

### उ0मा0 विद्यालय सराय आनादेव के प्रभारी प्रधानाध्यापक हैं अनिल कुमार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत और जर्मनी की संयुक्त अन्तर्राष्ट्रीय पहल गंगा बॉक्स के अन्तर्गत शिक्षक प्रशिक्षक/मास्टर फैसलिटेटर के रूप में प्रशिक्षित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सराय आनादेव के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार निलय को उत्कृष्ट प्रशिक्षण कार्य के लिये तीन प्रमाणपत्र प्रदान किये गये। ये प्रमाणपत्र नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा के डायरेक्टर राजीव रंजन मिश्र एवं जर्मन कार्पोरेशन जी०आई०जेड० की प्रमुख मार्टिना बुकार्ड के द्वारा प्रति हस्ताक्षरित हैं।

गंगा बॉक्स के प्रशिक्षण के प्रथम चरण में माध्यमिक शिक्षा विभाग के उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के 98 शिक्षक-शिक्षिकाओं को चयनित किया गया था। इसका शुभारंभ दिल्ली से किया गया। गंगा बॉक्स के कुल चार चरण थे।जिसमें प्रत्येक चरण के पश्चात विभिन्न स्तरीय मूल्यांकन संपादित किये गये। अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश से केवल 12 शिक्षक-शिक्षिकाओं को चयनित किया जिनमें से एक अनिल कुमार निलय भी रहे।प्रशिक्षण जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा एवं जर्मनी की जी०आई०जेड० के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किये गये। अनिल कुमार निलय द्वारा विद्यालय में गंगा कार्नर की स्थापना,हमारी गंगा हमारा गौरव पहल के अन्तर्गत क्विज, पेंटिंग, निबंध लेखन,नुक्कड़ नाटक,रोल प्ले आदि के माध्यम से गंगा नदी की अविरलता और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का कार्य अनवरत जारी है। प्रशिक्षण की चयन प्रक्रिया में विद्यालय का भौतिक निरीक्षण करने पर जी०आई०जेड० टीम द्वारा अनिल कुमार निलय द्वारा कृत प्रयासों की सराहना करते हुए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। अनिल कुमार को भारत और जर्मनी की वर्चुअल मीटिंग में प्रतिभाग के लिए भी चयनित किया गया था।



अधिकारियों के सामने उत्कृष्ट प्रशिक्षण देते अनिल कुमार निलय।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षो में मारपीट, तीन घायल

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के संग्रामपुर गाव में सोमवार की सुबह पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षो में कहा सुनी को लेकर जमकर मारपीट हुई ।जिसमे तीन लोग घायल हो गए सूचना पर पहुची नवाबगंज पुलिस घायलों को उपचार के लिए सीएचसी कालाकांकर भेजा। मालूम हो कि संग्रामपुर निवासी फूलचंद यादव पुत्र दिलीप यादव,दिलीप यादव पुत्र वासदेव यादव से अमरेश अखिलेश पुत्र जवाहरलाल यादव राजू पुत्र लाल बहादुर यादव का पुरानी रंजिश को लेकर आपस मे कहा सुनी के दौरान जमकर मारपीट हुई जिसमें अरविंद कुमार पुत्र फूलचन्द (32) वर्षीय के सिर में चोट लगीऔर उत्तम सिंह पुत्र मुंशीलाल (30) वर्षीय के पीठ में और ओम प्रकाश पुत्र लालबहादुर (38) वर्षीय के अंगूठे में चोट आई पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी कालाकांकर भेजा।

## महिलाओं पर फब्ती कसने की शिकायत

**पट्टी, प्रतापगढ़।** गुमटी पर बैठकर अराजक तत्वों द्वारा महिलाओं पर अश्लील टिप्पणी करने की शिकायत पुलिस से की गई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रायपुर गांव के रहने वाले शिव कुमार ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया और बताया कि उनके घर के बगल चकरोड है जहां पर एक व्यक्ति अवैध रूप से गुमटी लगाकर उस पर बैठता है जहां पर आने जाने वाली महिलाओं पर अश्लील टिप्पणी करता है इस संबंध में पीड़ित ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## एक रुपए का परचा बीस की दवा में डेंगू को युवराज ने दिया मात

### यूट्यूब से जानकारी लेकर खुद किया इलाज, क्षेत्र के लिए बना प्रेणास्त्रोत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एक रुपए का परचा और बीस रुपए की दवा में ही डेंगू को युवराज पटेल ने मात दे दिया। यूट्यूब से ही जानकारी हासिल करके इलाज कर डाला।जो क्षेत्र के डेंगू मरीजों के लिए किसी प्रेणा से कम नहीं है।

स्थानीय क्षेत्र के पड़री निवासी डेंगू पीड़ित युवराज पटेल (19) पुत्र जगत वर्मा इलाहाबाद में रहकर शिक्षा ग्रहण करता है। इन दिनों मौसम के बदलते करवट का शिकार हो गया। उसे बुखार की शिकायत हो गई। कई दिन दवा खाने के बाद आराम नही हुआ तो वह घर आया। पिता जी ने जिलास्पाताल ले जाकर एक रुपए का परचा बनवाकर जांच करवाई।जब दूसरे दिन जांच मिली तो 18000 प्लेटलेट्स देख कर परिजन हैरान हो गए। डाक्टरों ने भर्ती करने के साथ ही प्लेटलेट्स चढ़वाने के लिया प्रयागराज जाने की सलाह दी।युवराज ने साहस का परिचय दिया और यूट्यूब पर डेंगू संबंधित जानकारी हासिल की। वह जानकारी के बाद लिक्विड में नारियल का पानी, ओआरएस के घोल के साथ पैरासिटामोल की गोलियां नियमित रूप से लेने के साथ ही पूरी तरह से घर पर बेडरेस्ट किया। आज वह पूरी तरह से स्वस्थ्य हो गया, जिसका प्लेटलेट्स बढ़कर एक लाख अट्ठासी हजार हो गया।युवराज ने सोमवार को दैनिक भास्कर से बातचीत के दौरान बताया कि इन दिनों डेंगू और वायरल बुखार की चपेट में बहुत से लोग आ रहे है। डेंगू,मलेरिया व टाइफायड बुखारों के लक्षण शुरूवाती दौर में एक जैसे होते है। इस लिए बिना जांच के बता पाना मुश्किल है कि किसको कौन सा बुखार है।अगर जांच में डेंगू की पुष्टि हो चुकी है और सामान्य डेंगू है तो घबराने की जरूरत नहीं है। इसमें सिर्फ बुखार आने पर पैरासिटामोल की खुराक लें, इसके साथ ही लिक्विड जिसमें पानी, नारियल पानी, ओआरएस का घोल के साथ सब्जियों, फलों का जूस, कीवी व गिलोय आदि अधिक मात्रा में लें। साथ ही आराम करें। इससे चार-पांच दिनों में डेंगू मरीज बिल्कुल स्वस्थ हो जाता है।



युवराज पटेल।

## बारात में गए युवक को आरोपियों ने पीटकर किया जख्मी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अपने मित्र के बारात में गए एक युवक को आरोपियों ने जाति सूचक शब्दो का इस्तेमाल करते हुए पीट दिया।

रायपुर गांव के रहने वाले सचिन सरोज पुत्र रामकरण ने बताया कि रविवार की रात को अपने एक मित्र की बारात में रामपुर खागल गांव गया हुआ था जहां पर कुछ लोगों ने उसे जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए जमकर मारा पीटा जिससे उसे काफी चोटें आई पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित की तहरीर पर पट्टी पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## युवक से हुई 20 हजार की ठगी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** दिनदहाड़े परदेश से लौटा रहा युवक शहर में ठगी का शिकार हो गया। युवक नागपुर से कमाकर लौटा था। नगर कोतवाली के भैरापुर बस अड्डा पर वह अमेठी जाने के लिये बैठा था। इसी बीच उसके पास एक उचक्का आया और उसे बाइक से ले जाने का झांसा दिया। इस दौरान वह उस बाइक पर बैठा लिया। रास्ते में उचक्का बाइक को रोककर उसे नीचे उतारा और उसका बैग लेकर भाग निकला। युवक के अनुसार बैग में लगभग 20 हजार रुपये था। कोतवाली पुलिस से पीड़ित युवक ने की मामले की शिकायत की है।

## मायके आई विवाहिता लापता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के विरौती की सुनीता पत्नी प्रमोद मायके आई हुई थी। दो दिन पहले अचानक लापता हो गई। विवाहिता के पिता सुरेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि बीते मई माह में उसका विवाह मदाफरपुर गांव में हुआ था। अभी कुछ माह पूर्व वह मायके पहुंची थी। पिता ने मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

## शौचालय तोड़ने का विरोध करने पर महिला को पीटा

**प्रतापगढ़।** लालगंज इलाके के नयापुरवा (पड़री) निवासी पवन कुमार प्रजापति की तहरीर पर पुलिस ने गांव के रामलखन धुरिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि घर के पास बने सरकारी शौचालय में आरोपित ने तोड़फोड़ की। जिसका विरोध करते हुए उलाहना दिया तो पत्नी के साथ गाली-गलौच कर मारपीट की। साथ ही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।

# डीएम ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन किया अर्पित

## डीएम ने कलेक्ट्रेट के अधिकारियों कर्मचारियो को राष्ट्रीय एकता की दिलाई शपथ



सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण करते डीएम।

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया तथा कलेक्ट्रेट के अधिकारियों कर्मचारियो को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी डॉ0 विश्राम सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारियो एवं कर्मचारियों ने भी माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया इसी प्रकार मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने विकास भवन एवं सभी उप जिलाधिकारियों ने अपने-अपने तहसील में सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया तथा अधिकारियों व कर्मचारियो को राष्ट्रीय एकता शपथ भी दिलायी

## राष्ट्रीय एकता एंव अखंडता की एसपी ऑफिस और पुलिस लाइन में दिलाई गई शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर आज पुलिस लाइन में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर परेड में शामिल अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता अखंडता एवं सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।



सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण करते एसएसपी।

तदउपरांत उनके जीवन परिचय व कार्यों पर प्रकाश डाला गया लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर पुलिस कार्यालय में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता अखंडता एवं सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। तदुपरांत उनके जीवन परिचय व कार्यों पर प्रकाश डाला गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी कार्यालयों पर संबंधित क्षेत्राधिकारी द्वारा तथा समस्त थानों पर थाना प्रभारी द्वारा व समस्त पुलिस चौकियों पर चौकी प्रभारी द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कर सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नियुक्त पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता अखंडता एवं सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

## सरदार पटेल की जयंती पर महामाया राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय में 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश कुमार चौरसिया, यातायात निरीक्षक एवं विशिष्ट अतिथि नवलेश कुमार प्रोगाम ऑफीसर आईजी प्रयागराज रहे इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ0 विनय कुमार सिंह , प्राचार्य महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशांबी ने की महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार सिंह , मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने सर्वप्रथम मां सरस्वती कि प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सरदार वल्लभ भाई पटेल की फोटो पर माल्यार्पण किया

सरदार पटेल के जीवन पर आधारित एक डाक्यूमेंट्री फिल्म छात्र छात्राओं को दिखाई गई। प्राचार्य डॉ विनय कुमार सिंह ने कहा कि सरदार पटेल ने अपने सभी कर्तव्यों को सदैव पूरा किया। उन्होंने कई आन्दोलन का नेतृत्व भी किया जिसके कारण उन्हें सरदार कि उपाधि दी गई। इसके बाद मुख्य अतिथि राकेश कुमार चौरसिया, यातायात निरीक्षक ने कहा कि एकता का अर्थ दृढ़ता एवं साहस है । एकता से जीवन की सभी परेशानियों को जीता जा सकता है। विशिष्ट अतिथि लवलकेश कुमार ने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि हम सरदार पटेल के सपनों को साकार करने के लिए अपना आचरण सही रखें।कार्यक्रम में डॉ अनिल कुमार, डॉ तरित अग्रवाल एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ पवन कुमार ने अपने अपने विचारों को व्यक्त किया। इसके बाद राष्ट्रीय एकता दिवस पर सभी ने शपथ ली। छात्र छात्राओं के बीच रन फॉर यूनिटी दौड़ प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें छात्रो में राजेश कुमार बी ए तृतीय ने प्रथम स्थान, अमृत लाल बी ए द्वितीय ने द्वितीय स्थान तथा हिमांशु बी ए द्वितीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया छात्राओं में सपना देवी बी ए प्रथम ने प्रथम स्थान, मनीता देवी बी एस सी तृतीय ने द्वितीय स्थान तथा प्रियंका देवी बी एस सी तृतीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अजय कुमार ने किया। कार्यक्रम में डॉ नीलम बाजपेई, डॉ भावना केसरवानी, डॉ रमेश चंद्र, डॉ अमित कुमार एवं डॉ संतोष कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।



हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते यातायात निरीक्षक।

## सकिपा ने धूमधाम से मनाई सरदार पटेल की जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** देश के पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में सिराथू ब्लॉक के उदहिन बुजुर्ग बाजार में मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और सरदार वल्लभ भाई पटेल अमर रहे अमर रहे के नारे लगाए गए। साथ ही लोगों को मिठाई खिलाकर इस अवसर पर उन्हे पटेल जयंती की बधाई दी गई। सोमवार 31 अक्टूबर को सिराथू ब्लॉक के उदहिन बुजुर्ग बाजार में समर्थ किसान पार्टी के पदाधिकारियों ने देश के प्रथम गृहमंत्री एवं भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई। इस अवसर पर मौजूद रहे लोगों को सम्बोधित करते हुए पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने कहा कि सरदार पटेल ने देश के एकीकरण के लिए बहुत प्रयास किया। उन्होंने देश की एकता, अखंडता और अक्षुण्यता के लिए जीवन भर प्रयास करते रहे। उनका सारा जीवन भारत माता की सेवा में समर्पित रहा। देश उनका हमेशा ऋणी रहेगा। इस अवसर पर पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुरजीत वर्मा, हरिश्चंद्र पटेल, बृज चन्द्र पटेल, गोवर्धन सिंह पटेल, मनीष मौर्य, बृजेश गुप्त, सुशील सोनी, रमेश पटेल, मंगल मौर्य, शिवम सोनी, राजेश सरोज, मुन्ना सोनकर आदि लोग मौजूद रहे।

## चौकी प्रभारी की प्रताड़ना से युवक ने खाया जहर

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली के नेवादा निवासी बदामा पुत्र रामबाबू सेन के बताया कि मुझे भगवानपुर पुर चौकी प्रभारी के द्वारा हर रोज प्रताड़ित किया जा रहा है और मेरी दुकान में जबरिया तलाशी लिया जा रहा है चौकी पुलिस से पीड़ित युवक का कहना है कि जब मैंने पूछा कि महोदय दुकान में कुछ भी नहीं है लेकिन प्रभारी महोदय वर्दी का रोब दिखाते हुए जबरन तलासी लिया जब दुकान में कुछ नहीं मिला तब प्रभारी महोदय द्वारा पीड़ित से पैसे की मांग किया गया पैसा न नहीं देने पर दुकान बंद करने की धमकी दिया जिससे परेशान हो कर युवक ने जहर खा लिया जिससे युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है जिसका इलाज एस आर एन में चल रहा है भगवानपुर चौकी इंचार्ज के कारनामो के अनेकों उदाहरण है पूर्व में चोरी के एक मामले में भी चौकी इंचार्ज पुलिस वर्दी को शर्मसार कर चुके हैं लेकिन अभी तक उच्चाधिकारियों के द्वारा किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं हुई

## इच्छुक पात्र महानुभाव राष्ट्रीय एकता पुरस्कार हेतु करें आवेदन

**कौशाम्बी।** शासन द्वारा वर्ष-2022-23 के लिए ह्लगुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कारह्व हेतु प्रस्ताव आमन्त्रित किये गये हैं। प्रदेश में निवासरत व्यक्तियों में से कोई व्यक्ति, जिसने मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य किया हो तथा इस हेतु पूर्णतः समर्पित रहें हो, को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा गुरू गोविन्द सिंह जी के जन्म दिवस (05 जनवरी) पर गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार प्रदान किये जाने व रुपए एक लाख का नगद पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र दिये जाने की व्यवस्था की गयी है जनपद के इच्छुक पात्र महानुभाव ह्लगुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कारह्व हेतु आवेदन कर सकतें हैं तथा अधिक जानकारी शासन की उपलब्ध है।

# सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन

### भवंस मेहता विद्याश्रम स्कूल में सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें किया गया नमन




सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर भवन्स मेहता विद्याश्रम में निकाली गई रैली

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी/कौशाम्बी।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी स्कूल में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। भारत सरकार ने सरदार पटेल की जयंती को एकता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।इस निर्णय के अनुरूप प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को स्कूल में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमे समस्त छात्रों और शिक्षकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

यह दौड़ विद्यालय परिसर में ही खेल शिक्षक सुधाकर सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई।इसी क्रम में सरदार पटेल के योगदान एवं भारत को एकजुट करने में उनकी भूमिका के बारे में कक्षा 12 में पढ़ने वाली छात्रा आकांक्षा सिंह एवं शिक्षक राकेश कुमार सिंह के साथ साथ अनेक शिक्षकों ने छात्रों को विस्तार से बताया।इस अवसर पर समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे कार्यक्रम की शुरूआत में सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया

## सरदार पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर हरी झंडी दिखाकर निकाली गयी रैली

### नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में पटेल जयंती पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी/कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी स्थित नेशनल इंटर कॉलेज परिसर मे प्राचार्य कलीम अहमद वा प्रबंधक रवि नारायण तिवारी द्वारा महापुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्रों पर पुष्प माला चढ़ाकर सरदार पटेल को नमन किया गया और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया एन सी सी टीम को झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया पूरे नगर में भ्रमण करते हुए रैली वापस स्कूल पहुची इस मौके पर एन सी सी टीम के टीचर पंकज कुमार आज तीन माह ट्रेनिंग करके बॉम्बे से लौटे पंकज कुमार को जो एन सी सी टीचर है उनको प्राचार्य वा प्रबंधक द्वारा अंग वस्त्र धारण करवा कर स्वगत किया गया इस मौके पर संचालन भुवनेश्वर तिवारी ने किया



सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर नेशनल इंटर कॉलेज में निकाली गई रैली

# रीवा एक्सप्रेस को भरवारी स्टेशन पर रुकवाने की सांसद से माग

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी/कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी की जनता सहित जनपद कौशांबी की जनता ने एक बार फिर भाजपा के सांसद विनोद सोनकर से मांग करते हुए कहा है कि जनपद कौशांबी का केंद्र बिंदु नगर पालिका भरवारी होने की वजह से तथा व्यापारिक दृष्टिकोण से भरवारी स्टेशन पर रीवांचल एक्सप्रेस एवं मूरी एक्सप्रेस का ठहराव कराए जाने से यहां के व्यापारियों को दिल्ली से व्यापार करने की सुविधा होगी साथ ही जम्मू तवी एक्सप्रेस मूरी एक्सप्रेस का भी ठहराव सांसद करवा देते तो जनपद वासियों के लिए माता वैष्णो देवी का दर्शन करने के लिए बहुत बड़ी सुबिधा हो जाती

### अगले पांच वर्षीय कार्यकाल मे महाबोधी का किया था ठहराव अबकी पांच वर्षीय कार्यकाल मे रीवांचल जम्मूतवी एवम मूरी एक्सप्रेस ठहराव की जनता ने की मांग

चार दशक पूर्व से भरवारी रेलवे स्टेशन पर दर्जनों ट्रेनों का ठहराव होता था और यहां की जनता को इसका लाभ भी मिलता था अब किन्ही कारणों से काफी ट्रेन का ठहराव बंद हो जाने से यहां का व्यापार वा आवागमन दोनो ही बुरी तरह से प्रभावित हुए है।

नगर वासियों ने कहा कि भरवारी रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त ट्रेनों का ठहराव होना अति आवश्यक है साथ ही जनहित मे ट्रेनों का ठहराव जरूरी है इससे पहले यहां पर रुकने वाली ट्रेनों में जनता एक्सप्रेस अपर इंडिया एक्सप्रेस संगम एक्सप्रेस ट्वेल्व डाउन मूरी एक्सप्रेस महानंदा एक्सप्रेस कानपुर पैसिंजर तूफान एक्सप्रेस महाबोधि एक्सप्रेस आसाम मेल चौरी चौरा एक्सप्रेस मेमू एक्सप्रेस आदि ट्रेनों के ठहराव की सौगात भरवारी वासियो को मिला करती थी लेकिन तमाम ट्रेनों का ठहराव रेलवे ने बंद कर दिया है वर्तमान समय के साथ यात्रियों की संख्या वा जनसंख्या तेजी से बढ़ी है लेकिन उसके बाद भी भरवारी स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की सुविधाएं लगातार कम होती जा रही हैं जिससे आवागमन में लोगों को दिक्कतों से जूझना पड़ता है

ऐसे मे जनपद कौशांबी का हृदय कहा जाने वाला भरवारी सहित जनपद वासियो ने सांसद विनोद सोनकर से उक्त ट्रेनों के ठहराव की मांग की है नगर क्षेत्र के लोगों ने कहा कि साथ ही लोकसभा चुनाव से पूर्व इन ट्रेनों का ठहराव कराकर जनता की सुबिधा मे चार चांद लगाने का कार्य सांसद करे ट्रेनों के ठहराव की सांसद से मांग करने वालों में सुरेश बक्शा राकेश आरोड़ा सुशील केशरवानी सुनील कुमार अमित कुमार घनश्याम दास बिरला कवि गोपाल दास केसरवानी सतीश चंद्र सुशील कुमार आस्था प्रबोध कुमार श्रीवास्तव कैलाश प्रसाद प्रजापति आदि सैकड़ों लोग शामिल है।

## कोखराज थाना प्रभारी ने मूरतगंज बाजार में किया गस्त

**हर्रायपुर/कौशाम्बी।** कोखराज क्षेत्र में अमन-चैन और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोखराज पुलिस ने मूरतगंज बाजार में सोमवार को पैदल गस्त किया है इस दौरान उन्होंने लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया है और लोगों से अपील की है कि वह कानून का पालन करें और सड़कों पर वाहनों को खड़ा ना करें उन्होंने कहा कि सड़क पर वाहन खड़ा कर देने से जाम लगते हैं और आवागमन में आम जनमानस को दिक्कतें होती हैं कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज बाजार में थाना प्रभारी तेज बहादुर सिंह चंदेल ने मूरतगंज चौकी इंचार्ज राकेश कुमार राय जमील अहमद दरोगा आदि सिपाहियों के साथ मूरतगंज बाजार में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पैदल गस्त किया है

## निमाणार्धीन 2 परियोजनाओं का सीडीओ ने किया निरीक्षण

### कार्यों में धीमी प्रगति और खराब सामग्री पाए जाने पर सीडीओ ने विभागीय अधिकारी और ठेकेदार को लगाई जमकर फटकार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा सोमवार को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत दो निमार्णाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डी0पी0यू0 के समन्वयक, मे0 जेएमसी के प्रतिनिधि एवं कान्टेक्टर के लोग मौके पर मौजूद थे सीडीओ ने ग्राम पंचायत उमरछा विकास खण्ड मूरतगंज में पेयजल टंकी का निरीक्षण किया जहां पर केवल अभी खुदाई का कार्य चल रहा है, टंकी बनाने का कार्य शुरू नहीं किया गया है और पम्प हाउस में भी केवल नीव ही डालने का कार्य किया गया है जिस पर सीडीओ ने संबंधित ठेकेदार विभागीय अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा है कि कार्यों में शिथिलता आपत्ति का विषय है इसके बाद सीडीओ ने ग्राम मोहिउद्दीनपुर गौस में पाईप लाईन डालने के कार्य का निरीक्षण किया मौके पर नाली खुदी हुई पायी गयी, जिसके सम्बन्ध में उन्होंने ठेकेदार को निर्देशित किया कि जितना भी नाली की खुदाई की जाय, जितना पाईप लाईन डालकर ढका जा सकें, अयन्था उसमें छोटे बच्चे अथवा पशु गिरने की सम्भावना है उन्होंने कहा कि नाली की अधिक खुदाई कर देने से किसी भी प्रकार की हानि दुर्घटना हो सकती है सीडीओ ने निरीक्षण के दौरान पाया कि कराए जा रहे कार्यो में कुछ जगह पर खराब सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है जिस पर संबंधित ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों को सीडीओ ने कड़ी चेतवानी देते हुए गुणवत्ता में सुधार लाने का निर्देश दिया है उन्होंने कहा कि डी0पी0आर0 के अनुसार प्राविधानित सामग्री प्रयोग किया जाय। अन्यथा इस सम्बन्ध में कठोर कार्यवाही की जायेगी। कार्य की प्रगति धीमी पाए जाने पर सीडीओ ने कहा कि यह नितान्त खेद का विषय है।



पुलिस चौकी भूमि का पूजन करते एसपी साथ में मौजूद अन्य पुलिस अधिकारी

## एसपी ने किया कादीपुर पुलिस चौकी का भूमि पूजन और शिलान्यास

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने सोमवार को मंझनपुर कोतवाली के कादीपुर स्थित मेडिकल कॉलेज के सामने पुलिस चौकी का भूमि पूजन शिलान्यास किया भूमि पूजन के दौरान मंझनपुर क्षेत्राधिकारी योगेंद्र कृष्ण नारायण कोतवाली प्रभारी विनोद सिंह कादीपुर चौकी इंचार्ज राजेंद्र वर्मा सहित तमाम क्षेत्र के वरिष्ठ गणमान्य लोग मौजूद रहे।इस मौके कोतवाली पुलिस के साथ आसपास के गांव के लोग भी मौजूद रहे।

# पानी कनेक्शन देने के नाम पर ठेकेदार के संरक्षण में कर्मी कर रहा अवैध वसूली

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** हर घर जल योजना के अंतर्गत चायल तहसील के बलीपुर टाटा गांव में पाइपलाइन बिछाए जाने का कार्य चल रहा है अभी ग्रामीणों को पानी सप्लाई का कनेक्शन नहीं मिला है और ठेकेदार का कर्मचारी अमित कुमार कनेक्शन के नाम पर ग्रामीणों से धन उगाही शुरू कर दिया है। मामले की शिकायत खबर के माध्यम से अधिकारियों तक हुई जिस पर वसूली में लिप्त ठेकेदार का कर्मचारी अमित कुमार ग्रामीणों को गाली गलौज करने लगा है इतना ही नहीं अवैध वसूली में लिप्त ठेकेदार का कर्मचारी अमित कुमार ने अधिकारियों के बारे में भी अपशब्दों का प्रयोग किया है जिसके चलते गांव के लोगों में आक्रोश व्याप्त है और कई लोगों का वाद विवाद भी वसूली में लिप्त कर्मचारी से हुई है बालीपुर टाटा गांव में सड़कों पर गड्ढे खोद दिए गए हैं लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन नहीं बिछाई गई है। जिससे गड्ढे खुले हैं और लोग गड्ढे में गिर कर चोटिल हो रहे हैं इस मामले की खबर चलने के बाद अधिकारियों के निर्देश पर पाइप डालने का कार्य ठेकेदार ने शुरू कर दिया है ग्रामीणों ने बताया कि पाइप डालने में मानक की अनदेखी की जा रही है घटिया क्वालिटी के पाइप डाले जा रहे हैं पाइप की सुरक्षा के प्रबंध नहीं किए जा रहे हैं जिससे पाइप के नष्ट हो जाने की संभावना है ग्रामीणों ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सुरक्षित तरीके से पाइप डलवाने और अवैध वसूली में लिप्त ठेकेदार व उनके कर्मचारी पर मुकदमा दर्ज करा कर गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की है

## सकिपा की मासिक बैठक आज

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी की मासिक बैठक मंगलवार को जिला कार्यालय मंझनपुर में समय 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी। यह जानकारी पार्टी नेता अजय सोनी ने दी है। अजय सोनी ने जिला भर के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को बैठक में शामिल होने का आह्वान किया है।

## शिकायत करने से बौखलाए प्रधान ने रिवाल्वर लेकर युवक को दौड़ाया

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक को ग्राम पंचायत में अनियमितता की शिकायत करना भारी पड़ गया। ग्राम प्रधान व उसके साथियों ने मिलकर युवक की जमकर पिटाई की और रिवाल्वर निकालकर दौड़ा लिया पीड़ित युवक किसी तरीके से अपनी जान को बचाया। विकासखंड कौशांबी के ऐगवां निवासी चंद्रकांत पुत्र कामता प्रसाद के मुताबिक अपने गांव में प्रधान द्वारा कराए गए कार्यो में अनियमितता बरतने की शिकायत उसने अधिकारियों से की थी। जिसकी जांच करने डीसी मनरेगा विजय श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी कौशांबी, व जेई शिकायत की जांच करने चुन्नी का पूरा गांव पहुंचे थे। अधिकारियों ने फोन करके मौके पर पीड़ित को भी बुला लिया वह अपने गांव के पंचायत मित्र के साथ मौके पर पहुंचा। पहुंचते ही गांव के ग्राम प्रधान और उनके दो अन्य साथियों ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया विरोध करने पर डंडे से पिटाई भी की। और रिवाल्वर निकालकर दौड़ा लिया। पीड़ित ने किसी तरह से अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला तब जाकर उसकी जान बची। पीड़ित ने सराय अकिल थाने में लिखित तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संपादकीय

# भारत विश्व शक्ति कैसे बने?

**भारत** की सरकारों से मेरी शिकायत प्रायः यह रहती है कि वे शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम क्यों नहीं उठाती हैं? कांग्रेस और भाजपा की सरकारों ने छोटे-मोटे कुछ कदम इस दिशा में जरूर उठाए पर नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 2018 में आयुष्मान बीमा योजना सो देश के करोड़ों गरीब लोगों को राहत मिल रही है। यह योजना सराहनीय है। मगर इस देश का स्वास्थ्य मूल रूप से सुधरे, इसकी कोई तदबीर आज तक सामने नहीं आई है। फिर भी इस योजना से देश के लगभग 40-45 करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा। वे अपना 5 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त करवा सकेंगे। उनके इलाज का पैसा सरकार देगी।

अभी तक देश में लगभग 3 करोड़ 60 लाख लोग इस योजना के तहत अपना मुफ्त इलाज करवा चुके हैं। उन पर सरकार ने अब तक 45 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किया है। देश की कुछ राज्य सरकारों ने भी राहत की इस रणनीति को अपना लिया है लेकिन क्या भारत के 140 करोड़ लोगों की स्वास्थ्य-रक्षा और चिकित्सा की भी योजना कोई सरकार लाएगी? इसी प्रकार भारत में जब तक प्रारंभिक से लेकर उच्चतम शिक्षा भारतीय भाषाओं के जरिए नहीं होती है, तब तक भारत की गिनती पिछड़े हुए देशों में ही होती रहेगी। जब तक यह मैकाले प्रणाली की गुलामी का ढर्रा भारत में चलता रहेगा, भारत से प्रतिभापलायन होता रहेगा। अंग्रेजीदां भारतीय युवजन भागकर विदेशों में नौकरियां ढूंढेंगे और अपनी सारी प्रतिभा उन देशों पर लुटा देंगे। इसका अर्थ यह नहीं कि हमारे बच्चे विदेशी भाषाएं न पढ़ें। उन्हें सुविधा हो कि वे अंग्रेजी के साथ कई अन्य प्रमुख विदेशी भाषाएं भी जरूर पढ़ें लेकिन उनकी पढ़ाई का माध्यम कोई विदेशी भाषा न हो।

सारे भारत में किसी भी विदेशी भाषा को पढ़ाई का माध्यम बनाने पर कड़ा प्रतिबंध होना चाहिए। कौन करेगा, यह काम? यह काम वही संसद, वही सरकार और वही प्रधानमंत्री कर सकते हैं, जिनके पास राष्ट्रोन्नति का मौलिक चिंतन हो और नौकरशाहों की नौकरी न करते हों। जिस दिन यह सोच पैदा होगी, उसी दिन से भारत विश्व शक्ति बनना शुरू हो जाएगा।

# खड़गे और यात्रा बनेगी कांग्रेस की संजीवनी?

**रामबहोर साहू**

**फिलहाल**, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा भविष्य में कांग्रेस पार्टी के लिए संजीवनी बूटी का काम करेगी ऐसी संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में लड़े जाने वाले आगामी चुनावों और 2024 के चुनावी समर में कांग्रेस पार्टी के भाग्य में बदलाव की भी उम्मीद कई कांग्रेस समर्थक बांध रहे होंगे।

**देदी हमें आजादी बिना खड्ग बिना ढाल**
**साबरमती के सन्त तूने कर दिया कमाल**

कुछ ऐसे ही कमाल की आस भारत की सबसे पुरानी और ऐतिहासिक पार्टी और इस वक्त अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही कांग्रेस भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को भी है। और हो भी क्यों न? चुनावों में मिल रही करारी शिकस्त - जिसका पंजाब ताजा प्रमाण है - से कांग्रेस पार्टी के भविष्य पर निराशा के बादल छा रहे थे। पर कांग्रेस को गैर-गांधी अध्यक्ष मिलने से और राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' को मिल रहे जन समर्थन से थोड़ी ही यही पर कुछ धूप छन कर गिरी है। जिस कांग्रेस पार्टी की स्थापना 28 दिसम्बर 1885 में कुछ 72 लोगों के द्वारा की गई थी। इसकी स्थापना मे ए.ओ. ह्यूम, दादा भाई नौरोजी और दिनशा वाचा ने अहम भूमिका निभाई थी। भारत की आजादी की लड़ाई में कांग्रेस नेताओं -राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पंडित जवारलाल नेहरु जैसे अनेक स्वतंत्रता सेनानियों- की बहुत लम्बी कतार थी, और यह पार्टी अब तक लड़ रही है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी कन्याकुमारी से श्रीनगर तक की भारत जोड़ो यात्रा जो करीब तीन हजार पांच सौ किलोमीटर लम्बी यात्रा है के माध्यम से राष्ट्रीय सौहार्द्र की एक लम्बी रेखा खींचने का प्रयास कर रहें हैं। जिससे स्वाभाविक रूप से कांग्रेस कार्यकताओं में उमंग का संचार हो रहा है। विगत दिनों मल्लिकार्जुन खड़गे, जो दलित वर्ग से तालुक रखते हैं, सदियों पुरानी इस कांग्रेस पार्टी के 89वें अध्यक्ष चुने गए। चुनाव में श्री खड़गे ने अपने प्रतिद्वंदी श्री शशि थरूर को काफी मतों के अंतर से हराया। देश भर के कांग्रेसियों में एक नए उत्साह के साथ एक आशा की किरण दिखाई देगी, ऐसी उम्मीद की जा सकती है। वहीं दूसरी तरफ प्रदर्शित थी कुर्सी की ललक। श्री अशोक गहलोत जो वर्तमान में राजस्थान के मुख्यमंत्री हैं का नाम सबसे पहले अध्यक्ष पद के लिए आया। वे गांधी परिवार के सबसे विश्वसनीय उम्मीदवार माने जा रहे थे। लेकिन वे सत्ता की मोह-माया नही त्याग पाए। अंततः वे इस दौड़ में पिछड़ गए और अपने आप को बाहर कर लिया। उनकी चाहत पार्टी और सरकार दोनों की थी। श्री गहलोत को राजस्थान सरकार के मुखिया का दायित्व युवा पीढ़ी के नेता सचिन पायलट को खुशी-खुशी सौंप देनी चाहिए थी। इससे एक राजनेता के तौर पर उनका पद कई गुणा बढ़ जाता, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाए। खैर, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब सार्वजनिक रूप से यह आरोप शायद अब नही लगा पाएंगे कि कांग्रेस पार्टी परिवारवाद की पार्टी है। हालांकि, कई अन्य कईं पार्टियां अभी भी परिवारवाद से ग्रस्त हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे की सबसे पहले अर्धवार्षिक परीक्षा (आने वाले कई राज्यों के विधानसभा के चुनाव) के बाद, अंतिम फाइनल मुकाबला 2024 के आम चुनावों में होगा।

# गाय है भारतीय संस्कृति का तिलक

**ललित गर्ग**

**भारत** त्यौहारों का धर्म परायण देश है। दीपावली पर्व श्रृंखला में एक पर्व गोपाष्टमी है। कार्तिक शुक्ल पक्ष की अष्टमी को गोपाष्टमी पर गोपूजन उत्सव बड़े उल्लास से मनाया जाता है। विशेषकर गौशालाओं के लिए यह बड़े महत्व का उत्सव है। इस दिन गौशालाओं में एक मेला जैसा लग जाता है। गौ कीर्तन-यात्राएं निकाली जाती हैं। घर-घर व गांव-गांव में मनाये जाने वाले इस उत्सव में भंडारे किए जाते हैं, गौ को स्नान कराया जाता है, गौ पूजा की जाती है, जिनका शास्त्रीय महत्व है। भारत में गौ ही धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष दात्री मानी गयी है। गौ को माता कहा गया है। गौ में सर्व देवी-देवताओं का वास कहा गया। उसके मूत्र में गंगा व गोबर में लक्ष्मी का वास है। गौ के समस्त उत्पाद जीवन-रक्षक होते हैं। गौ से जुड़ी आस्था एवं उपयोगिता को देखते हुए गतदिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दिया जाने की मांग करते हुए कहा है कि गाय का भारतीय संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है। गाय को भारत देश में मां के रूप में जाना जाता है और देवताओं की तरह उसकी पूजा होती है। गाय भारत के लिये केवल एक जन्तु नहीं है, बल्कि वह जन-जन की आस्था का केन्द्र है। मां के दूध के बाद केवल गाय के दूध को ही अमृत तुल्य माना गया है। गौवंश संवर्धन देश की जरूरत है। गौ पर स्वार्थ एवं संकीर्णता की राजनीति करने वालों की समझ एवं विवेक जागे, यह अपेक्षित है।

आज जब दुनिया के बहुत से देश अपनी संस्कृति को भुलाते जा रहे हैं और भारतीय संस्कृति हजारों वर्षों के संघर्ष के बाद भी कायम है तो इसके मूल में कहीं न कहीं गाय है। गाय हमारी संस्कृति की प्राण है, चेतना है। प्राचीन काल से ही गाय भारतीय संस्कृति व परंपरा का मूलाधार रही है। गंगा, गोमती, गीता, गोविंद की भांति शास्त्रों में गाय भी अत्यंत पवित्र मानी गई है। गोपालन व गौ-सेवा तथा गोदान की हमारी संस्कृति में महान परंपरा रही है। गौ-सेवा भी सुख व समृद्धि का एक मार्ग है। वेद-पुराण, स्मृतियां सभी गौ-सेवा की उत्कृष्टता से ओत-प्रोत हैं। दरअसल भारत की संस्कृति मूल रूप से गौ-संस्कृति कही जाती है। गाय श्रद्धा के साथ-साथ हमारी अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य एवं संस्कृति का प्रमुख आधार है।



हिन्दू धर्म में गाय का महत्व इसलिए नहीं रहा कि प्राचीन काल में भारत एक कृषि प्रधान देश था और आज भी है और गाय को अर्थव्यस्था की रीढ़ माना जाता था। भारत जैसे और भी देश है, जो कृषि प्रधान रहे हैं लेकिन वहां गाय को इतना महत्व नहीं मिला, जितना भारत में। दरअसल हिन्दू धर्म में गाय के महत्व के कुछ आध्यात्मिक, धार्मिक और चिकित्सीय कारण भी रहे हैं। गाय एकमात्र ऐसा पशु है जिसका सब कुछ सभी की सेवा में काम आता है। गाय का दूध, मूत्र, गोबर के अलावा दूध से निकला घी, दही, छाछ, मक्खन आदि सभी बहुत ही उपयोगी है। वैज्ञानिक कहते हैं कि गाय एकमात्र ऐसा प्राणी है, जो ऑक्सीजन ग्रहण करता है और ऑक्सीजन ही छोड़ता है, जबकि मनुष्य सहित सभी प्राणी ऑक्सीजन लेते और कार्बन डाई ऑक्साइड छोड़ते हैं। पेड़-पौधे इसका ठीक उल्टा करते हैं। आजकल भूमि भी जहरीली होती जा रही है जिससे उसमें उगने वाली वनस्पतियों में विषाक्तता बढ़ती जा रही है। इसके लिए हमें गोबर की खाद का प्रयोग करना होगा, तभी हमारी भूमि बच सकती है। इसके लिए हमें गाय को बचाना होगा।

गाय को माता का स्थान देने वाली भारतीय संस्कृति दुनिया के लिये उपयोगी है। जिस प्रकार माँ अपने बच्चे का लालन-पालन व सुरक्षा करती है, उसी प्रकार गौ का दूध आदि भी मनुष्य का लालन-पालन तथा स्वास्थ्य व सद्गुणों की सुरक्षा करते हैं। गाय की पूजा, परिक्रमा व स्पर्श स्वास्थ्य, आर्थिक व आध्यात्मिक उन्नति की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। गाय को श्रद्धा व प्रेमपूर्वक सहलाते रहने से कुछ महीनों में असाध्य रोग भी ठीक हो जाते हैं। देशी गाय एवं गौ-विज्ञान सम्पूर्ण विश्व को भारत की अनुपम देन है। भारतीय मनीषियों ने सम्पूर्ण गोवंश को मानव के अस्तित्व, रक्षण, पोषण, विकास और संवर्धन के लिए अनिवार्य पाया। गौ-दुग्ध ने जन-समाज को विशिष्ट शक्ति, बल व सात्त्विक बुद्धि प्रदान की। गोबर व गोमूत्र खेती के लिए पोषक हैं, साथ ही ये रोगाणुनाशक, विषनाशक व रक्तशोधक भी हैं। मृत पशुओं से प्राप्त चर्म से चर्मोद्योग सहित अनेक हस्तोद्योगों का विकास हुआ। अतः प्राचीन काल से ही गोपालन भारतीय जीवन-शैली व अर्थव्यवस्था का सदैव केन्द्र बिन्दु रहा है। इसलिये गौ-माता से जुड़ा पर्व गोपाष्टमी का महत्व सार्वकालिक, सार्वदेशिक एवं सार्वभौमिक है।

> **गोवर्धन पर्वत को द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा से लेकर सप्तमी तक गाय व सभी गोप-गोपियों की रक्षा के लिए अपनी एक अंगुली पर धारण किया था। गोवर्धन पर्वत को धारण करते समय गोप-गोपिकाओं ने अपनी-अपनी लाठियों को भी टिका दिया था, जिसका उन्हें अहंकार हो गया**

गोपाष्टमी महोत्सव गोवर्धन पर्वत एवं भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ा उत्सव भी है। गोवर्धन पर्वत को द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा से लेकर सप्तमी तक गाय व सभी गोप-गोपियों की रक्षा के लिए अपनी एक अंगुली पर धारण किया था। गोवर्धन पर्वत को धारण करते समय गोप-गोपिकाओं ने अपनी-अपनी लाठियों को भी टिका दिया था, जिसका उन्हें अहंकार हो गया कि हम लोगों ने ही गोवर्धन को धारण किया है। उनके अहं को दूर करने के लिए भगवान ने अपनी अंगुली थोड़ी तिरछी की तो पर्वत नीचे आने लगा। तब सभी ने एक साथ शरणागति की पुकार लगायी और भगवान श्रीकृष्ण ने पर्वत को फिर से थाम लिया। देवराज इन्द्र को भी अहंकार था कि मेरे प्रलयकारी मेघों की प्रचंड बौछारों को श्रीकृष्ण और उनके ग्वालवाल नहीं झेल पाएंगे। परंतु जब लगातार 7 दिन तक प्रलयकारी वर्षा के बाद भी श्रीकृष्ण अडिग रहे, तब 8वें दिन इन्द्र की आंखें खुलीं और उनका अहंकार दूर हुआ। तब वह भगवान श्रीकृष्ण की शरण में आए और क्षमा मांगकर उनकी स्तुति की। कामधेनु ने भगवान का अभिषेक किया और उसी दिन से भगवान का एक नाम ह्यगोविंदह्न पड़ा।

जीवन के समस्त महत्त्वपूर्ण कार्यों के समय पंचगव्य का उपयोग किया जाता था। विज्ञान व कम्प्यूटर के युग में भी गौ की महत्ता यथावत बनी हुई है। स्वर्ग की अप्सरा उर्वशी राजा पुरुरवा के पास गयी तो उसने अमृत की जगह गाय का घी पीना ही स्वीकार किया। गाय के शरीर में ही ह्यसूर्यकेतु नाड़ीह्न होती है जिससे वह सूर्य की गौ किरणों को शोषित करके स्वर्णक्षार में बदल सकती है। स्वर्णक्षार जीवाणुनाशक हैं और रोगप्रतिकारक शक्ति की वृद्धि करते हैं। गाय के दूध व घी में स्वर्णक्षार पाये जाते हैं, जो भैंस, बकरी, ऊँट के दूध में नहीं मिलते। गोबर और गोझरण मिलाकर महीने में एकाध बार रगड़-रगड़कर स्नान करने से शरीर में तेजस्विता आती है, बहुत स्वास्थ्य-लाभ होता है। गोमूत्र अवश्य पीना चाहिए। यह बीमारियों की जड़ें काट के निकाल देता है। यकृत व गुर्दे (किडनी) की खराबी, मोटापा, उच्च रक्तचाप, कोल्स्ट्रोल-वृद्धि, पाचन आदि सब ठीक कर देता है गोमूत्र। इसीलिये अनेक धर्मगुरु एवं शंकराचार्यजी गौवंश के संवर्धन के लिए जीवनपर्यन्त समर्पित रहे और उन्होंने देश के विभिन्न स्थानों पर गौशालाएं व गोचर भूमि सृजन के लिए प्रयास किये। लेकिन वर्तमान में गाय भी राजनीति की शिकार हो गयी है। यही कारण है कि गौ के संरक्षण एवं गौ-उत्पाद को प्रोत्साहन देने की बजाय ऐसी मानसिकताएं तैयार हो रही है, जो गौ-हत्याओं को अंजाम देते हुए राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकते हैं। जबकि गाय देश को जोड़ने के माध्यम हैं, इन्हें हिन्दुस्तान को बाँटने का जरिया न बनाये। प्रेषकः

# राहुल की यात्रा मरहम का काम कर रही है

**शकील अख्तर**

**दरअसल** जब से भक्तों का निर्माण हुआ है संघ के पुराने कार्यकर्ता भी दुखी हैं। वे साइड लाइन होने लगे हैं। नए-नए हुड़दंगी गैंग अब संघ के पुराने कार्यकताओं पर भारी पड़ने लगे हैं। सत्ता में आने और भक्तों को न संभाल पाने का यह गंभीर साइड इफेक्ट होता है। भाजपा को तो अभी केन्द्र में आठ ही साल हुए और उसके सामने अनियंत्रित भीड़ (माबिज्म) की समस्या आने लगी। प्रधानमंत्री मोदी सब जानते हैं। इसलिए वे कभी शहरी नक्सली, कभी कलम के नक्सली कभी आंदोलनजीवी कहकर ट्रेक बदलने की कोशिश करते हैं। मगर मालूम उन्हें भी है कि आज वे भी भीड़ मानसिकता के खिलाफ कुछ नहीं बोल सकते। बेहतर तो यह है कि गुजरात को पांच साल का एक्सटेंशन दे देना चाहिए। चुनाव करवाने से जब इतना ही डर लग रहा है तो फिलहाल जरूरत भी नहीं है! एक एक्सपेरिमेंट भी हो जाएगा कि क्या प्रतिक्रिया होती है। और संवैधानिक संस्थाओं का कितना सहयोग मिलता है। उम्मीद तो है कि सब ठीक ही रहेगा। कांग्रेस चिल्लाएगी मगर उसके खिलाफ इतना माहौल बना दिया गया है कि कहा जाएगा कि जब राहुल गांधी यात्रा लेकर ही गुजरात नहीं आ रहे तो चुनाव की चिंता क्यों? गुजरात में भाजपा को बहुत मेहनत करना पड़ रही है। कांग्रेस के बजाए आप से मुकाबला बताया। वोट काटने के लिए ओवेसी, मायावती को लाया जा रहा है।बलात्कारियों को छोड़ा। फिर भी कमी लगी तो समान नागरिक संहिता के नाम पर ध्रुवीकरण की कोशिश हो रही है। मगर फिर भी चुनाव डिक्लेयर करवाने की हिम्मत नहीं पड़ रही। जनता पर भरोसा नहीं है। बीस साल से भेड़िया आया, भेड़िया आया का डर दिखाकर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करते रहे। कभी मियां मुशर्रफ कहकर, कभी यह कहकर कि कांग्रेस अहमद पटेल को मुख्यमंत्री बनाएगी, तो कभी कच्छ के बार्डर से पाकिस्तान घुस आएगा कहकर लोगों को डराते रहे। मगर अब खुद डर रहे हैं। राज्य में काम कुछ हुआ नहीं। लोग नाराज हैं। कभी देश का सबसे समृद्ध राज्य गुजरात आज हर पैमाने पर पिछड़ गया है। बस केवल बातें और बातों से उसे बहलाया जा रहा है। वह भी चल जाता मगर एक नई समस्या आ गई है। राहुल की यात्रा की।

यात्रा गुजरात नहीं आ रही है। यह ज्यादा बड़ी समस्या है। जितनी यात्रा गुजरात से दूर है उतनी ज्यादा गुजरात में यात्रा की चर्चा है। यात्रा आ जाए। सामने से देख लें। शामिल हो जाएं। बात खत्म हो जाती है। मगर न आना दूर से उसके बारे में सुनना ज्यादा उत्सुकता जगाता है। और वह चलती रहती है। चचाओं के द्वारा। एक मुंह से दूसरे मुंह। माउथ पब्लिसीटी सबसे असरदार होती है। वे टीवी पर नहीं दिखा रहे। अखबारों में नहीं छाप रहे। मगर यात्रा में होकर आने वालों के मुंह से जो प्रचार हो रहा है कि वाह क्या यात्रा है। कैसे हजारों लोग रोज साथ चलते हैं। कैसे राहुल सबसे मिलते हैं। हाथ पकड़कर चलते हैं। फोटो के लिए रुक जाते हैं। यह सब चचाएं गांव-गांव में हो रही हैं। हमने यात्रा में देखा कि किस तरह सूदूर दक्षिण में उत्तर भारत के लोग, पूरब, पश्चिम के लोग पहुंचे हुए हैं। यात्रा अभी दक्षिण में ही है मगर गुजरात से लेकर हिमाचल तक के लोग वहां पहुंच रहे हैं। एक दिन, दो दिन, जिसके पास जितनी सुविधा है साथ चलकर वापस आ रहे हैं। हमें केरल में गुजरात के एक हरि भाई मिले। केम छूं! बोले इधर बिजनेस के सिलसिले में आए थे। दो दिन यहां लगा दिए। बहुत मजा आया। महाराष्ट्र में परिवार के साथ आएंगे। गुजराती बहुत घूमने वाले होते हैं। ग्रुपों में देशाटन के लिए निकलते हैं। अपने खाने पीने का सब इंतजाम लेकर। रसोइया भी साथ होता है। बाकी सहयोगी भी। सब साथ बैठकर खाना खाते हैं। हरि भाई बताने लगे हमारे यहां अभी भी हिन्दु मुसलमान नहीं होता है। गुजरात में यह समस्या कभी नहीं थी। अभी भी नहीं है। बस चुनाव के समय राजनीति होती है। पिछली बार बहुत कम असर हुआ था इसका। अब देखना है कितना तेज करते हैं। लगता तो नहीं है कि यह अब असर करेगा। मगर कोशिश तो करेंगे। उनकी बातों से यह लग रहा था जैसे वे कांग्रेस समर्थक हों। मगर जब थोड़ा और खुले तो मालूम पड़ा कि वे तो आरएसएस के पुराने काडर हैं। मगर गुजरात की वर्तमान हालत से दुःखी। बोले बिजनेस चौपट हो गया। गुजराती खाली गुजरात में ही थोड़ी बिजनेस करता है। बाहर भी करता है। वहां उसका नाम खराब हुआ है। आश्चर्यजनक रूप से जब हमने दिल्ली आकर अपने पुराने संघ के दोस्तों से बात की तो उन्होंने बताया कि आरएसएस में यात्रा का अच्छा रिस्पांस है। हमारे यहां चर्चा होती है। और मजाक, चुटकुलों से अलग राहुल की मेहनत को सराहना की दृष्टि से देखा जा रहा है। दरअसल जब से भक्तों का निर्माण हुआ है संघ के पुराने कार्यकर्ता भी दुखी हैं। वे साइड लाइन होने लगे हैं। नए-नए हुड़दंगी गैंग अब संघ के पुराने कार्यकताओं पर भारी पड़ने लगे हैं। सत्ता में आने और भक्तों को न संभाल पाने का यह गंभीर साइड इफेक्ट होता है। भाजपा को तो अभी केन्द्र में आठ ही साल हुए और उसके सामने अनियंत्रित भीड़ (माबिज्म) की समस्या आने लगी। प्रधानमंत्री मोदी सब जानते हैं। इसलिए वे कभी शहरी नक्सली, कभी कलम के नक्सली कभी आंदोलनजीवी कहकर ट्रेक बदलने की कोशिश करते हैं। मगर मालूम उन्हें भी है कि आज वे भी भीड़ मानसिकता के खिलाफ कुछ नहीं बोल सकते।

दिवाली पर जानबुझकर आतिशबाजी चलाई गई। इस तरह माहौल बनाया गया कि आतिशबाजी चलाना कोई मुसलमानों के खिलाफ फर्ज हो। मुसलमान पटाखों का विरोध कर रहे हों और उसे काउंटर करने के लिए बैन के बावजूद ज्यादा से ज्यादा चलाए जाना जरूरी हों। जबकि मुसलमानों का पटाखों के चलाने और उस पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाए प्रतिबंधों से कुछ लेना देना नहीं है। बढ़ते प्रदुषण की वजह से केन्द्र और दिल्ली सरकार की स्वीकृति से सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाया गया है। और दिवाली पर जिद करके चलाए जाने से राजधानी दिल्ली में प्रदुषण खतरनाक हद तक बढ़ गया। यहीं सभी देशों के दूतावास हैं। यूरोप जहां हवा सबसे साफ है वहां के लोग अपने देश में बता रहे हैं कि हिन्दुस्तान की राजधानी की हवा का क्या हाल है। और जब हवा की बात आती है तो केवल प्राकृतिक हवा की नहीं बल्कि राजनीतिक हवा की भी बात आती है। बात यह भी होती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी यह नहीं कह सकते कि सुप्रीम कोर्ट की बात सुनो। मोदी जी को भारत का अब तक का सबसे सर्वशक्तिमान प्रधानमंत्री बताया जाता है। मगर भीड़ मानसिकता के सामने वे भी मजबूर हैं। इससे पहले भी हत्यारे गोडसे का समर्थन करने पर मोदी जी सिवाय यह कहने के कि मैं उसे दिल से माफ नहीं कर सकुंगा और कुछ भी नहीं कर पाए थे।

# शाकाहारी मनुष्य : दीर्घायु : भवति

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर हमने कई बार स्वाइन फ्लू बर्ड फ्लू नामक बीमारियों के नाम सुने हैं लेकिन अभी दो साल से हम सब कोरोना महामारी से पीड़ित होकर उभरे हैं या यूं कहें कि अभी भी शुरू है। यह बीमारी भी चमड़े जानवर से प्रसारित हुई थी ऐसी जानकारी मीडिया में आई थी याने अनेक बीमारियों का प्रवाह मनुष्य में संक्रमण जानवरों से होता है जिससे गुर्दे का रोग अल्सर कैंसर चर्मरोग जैसी अनेक बीमारियों की संभावना होती है हालांकि हम इसकी सत्यता को प्रमाणित नहीं कर रहे हैं परंतु इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया में अनेक बार ऐसी जानकारियां आती रहती है जो बताती है कि मांसाहार स्वस्थ जीवन के लिए अपेक्षाकृत सुदृढ़ आहार नहीं है दूसरी ओरमांसाहार के बढ़ते दौर से पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचने की संभावना बनी रहती है इसीलिए ही रिचर्ड आर्टन मुख्य संपादक लासेन (मेडिकल जरनल) ने कहा है धरती पर जीवन बनाए रखने में कोई भी चीज मनुष्य को उतना फायदा नहीं पहुंचाएगी जितना कि शाकाहार का मिल रहा है। हालांकि कहा जाता है कि विश्व में सबसे अधिक शाकाहारी जीव भारत में ही रहते हैं, क्योंकि 1 नवंबर 2022 को विश्व शाकाहारी दिवस हम मना रहे हैं। हालांकि मीडिया में यह दिवस 1 अक्टूबर को भी बताया गया है। परंतु नई जानकारी के मुताबिक 1 नवंबर को इसलिए चुना गया क्योंकि यह हेलोवीन (31 अक्टूबर) और ऑल सोल्स डे (2 नवंबर) के बीच आता है, इसलिए वालिस को इन दोनों के साथ मेल खाने वाली तारीख पसंद आई जो दावत और उत्सव के लिए एक पारंपरिक समय प्रदान करता है और शाकाहारी दिन उसके लिए पूरी तरह से फिट बैठता है इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से विश्व शाकाहारी दिवस 1 नवंबर 2022 पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम शाकाहारी जीवनशैली की करे तो, शाकाहार एक जीवन शैली है जिसे प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ जीवन के लिएचुनता है। एक अच्छी और स्वस्थ जीवन शैली के लिए शाकाहारी भोजन के अपने फायदे हैं, कई स्वास्थ्य लाभ हैं जो एक शाकाहारी आहार प्रदान करता है और इसलिएलोगों को शाकाहारी आहार के स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूक करने और इसे बढ़ावा देने के लिए विश्व शाकाहारी दिवस मनाया जाता है।भारत में ज्यादातर लोगशाकाहारी भोजन खाना पसंद करते हैं। बीमार होने पर अक्सर डॉक्टर फल और सब्जियां खाने की सलाह देते हैं. यानि शरीर को ठीक करने में वेजिटेरियन खाना फायदा करता है। शाकाहारी खाने में भरपूर पोषक तत्व पाए जाते हैं। फल, सब्जियां, दालों और अनाज विटामिन और मिनरल्स का भंडार हैं। हालांकि दुनिया में सिर्फ 10 फीसदी आबादी ही शाकाहारी है, जिसमें से सबसे ज्यादा संख्या भारत में है। अगर हम भी वेजिटेरियन हैं तो आज का दिन हमारे लिए सेलिब्रेशन का दिन होना चाहिए क्योंकि आज 1 नवंबर को हर साल विश्व शाकाहारी दिवस के रूप में मनाया जाता है। साथियों बात अगर हम शाकाहारी भोजन के स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए फायदों की करें तो शाकाहारी भोजन न सिर्फ स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि पर्यावरण के लिए भी अच्छा है। शाकाहारी खाने में सब्जियों, बीज, फलियां, फल, नट्स और अनाज शामिल होते हैं। इसमें पशु उत्पाद जैसे, डेयरी और शहद भी शामिल हैं। इस दिन लोगों को पर्यावरण को सुरक्षित रखने, पशु कल्याण और जानवरों को बचाने पर जोर दिया जाता है।

लोगों को शाकाहारी भोजन के फायदों के बारे में बताया जाता है। ये फायदेमंद है शाकाहारी भोजन (1) - वेजिटेरियन डाइट हाई फाइबर डाइट होती है, जिससे हमारी गट हेल्थ अच्छी रहती है। इससे पेट से जुड़ी समस्याएं जैसे कब्ज, पेट दर्द, और भारीपन दूर होता है। (2) - शाकाहारी खाना न सिर्फ शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि इससे आपकी उम्र भी बढ़ती है और शरीर बीमारियों से दूर रहता है। (3) - वजन घटाने, कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल रखने, डायबिटीजऔर हार्ट के खतरे को कम करने के लिए भी वेजिटेरियन डाइट लेने की सलाह दी जाती है। (4)-बालों को मजबूत बनाने और स्किन को हेल्दी और चमकदार बनाने के लिए भी वेजिटेरियन डाइट अच्छी मानी जाती है। (5) - शाकाहारी खाने से शरीर को जरूरी विटामिन और मिनरल्स आसानी से मिल जाते हैं।

## कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा

**अरुण**

**यह** यात्रा और इससे प्रसारित व प्राप्त ऊर्जा, कांग्रेस के लिए एक सुअवसर है कि वह अपने भीतर-बाहर जो कुछ बदलना चाहती है, बदल डाले। जैसी अंगड़ाई लेना चाहती है, ले सकती है। जैसी नई कांग्रेस बनाना चाहे, बना सकती है। वह नए पिण्ड में पुरानी आत्मा वाली कांग्रेस बनना चाहती है अथवा पुराने पिण्ड में नई आत्मा वाली कांग्रेस; यह कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं के तय करने की बात है। चौक-चौबारों पर चौकड़ी जमाये बैठे लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बात करने पर जो राय सामने आई है, उसे आधार बनाकर कांग्रेस की 'भारत जोड़ो' यात्रा को कुछ नए तरीकों से देखा-समझा जा सकता है। अपने से कमजोर को स्नेह से चिपटा लेना, बराबर वाले को गले लगा लेना और बड़े के चरणों में झुककर अंगूठा छू लेना; दूसरे से पा लेने का यही विज्ञान है और हृदय की विशालता भी यही थी। आजादी वाली कांग्रेस याद कीजिए। मूल कांग्रेस ऐसी ही विशालहृदया थी; वामपंथी, दक्षिणपंथी, समाजवादी...भिन्न-भिन्न नई-पुरानी विचारधाराओं को अपने में समाहित कर लेने वाली एक बहुरंगी बागीची। यही कांग्रेस की भी शक्ति थी और भारत की भी। 'भारत जोड़ो यात्रा' निश्चित ही कई नयों को कांग्रेस से जोड़ेगी, किन्तु यदि कांग्रेस को आगे के चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करना है तो चुनावी जीत के नए औजारों को नियोजित और नियंत्रित करना सीखना होगा। पहले से जुड़े कांग्रेसी न टूटें, इसके लिए भी प्रयास कम जरूरी नहीं। इसके लिए कांग्रेस संगठनकताओं को खुद की आंतरिक कमजोरियों से उबरना ही होगा; वरना् वे कांग्रेस-मुक्त भारत के लिए सिर्फ मोदी-अमित शाह की कारगुजारियों को जिम्मेदार ठहराकर अपनी जिम्मेदारियों से भाग नहीं सकते।

# जिले में धूमधाम से मनी सरदार पटेल की जयंती






**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिले में सरदार पटेल की 147वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। भाजपा सांसद आरके सिंह पटेल ने अपना दल जिलाध्यक्ष फौजीराम सिया पटेल के साथ पटेल पार्क पहुंचकर सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। सपा व कांग्रेस ने भी पटेल जयंती पर गोष्ठी की।

सोमवार को सांसद पटेल ने कहा कि आजादी की लड़ाई में सरदार पटेल की अहम भूमिका रही है। आजाद भारत के पहले गृहमंत्री/उप प्रधानमंत्री बनने के बाद सरदार पटेल ने छोटी-छोटी रियासतों को मिलाकर अखण्ड भारत का निर्माण किया था। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर प्रधानमंत्री ने सरदार पटेल के अधूरे सपने को साकार किया है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पंकज अग्रवाल, शक्ति प्रताप सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने अखंड भारत के शिल्पी, एकता के प्रतीक सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर गोष्ठी में कहा कि आजादी की लडाई से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण में सरदार बल्लभ भाई पटेल का गौरवमयी इतिहास रहा है। गोष्ठी में मो गुलाब खान, जागेश्वर यादव, मान सिंह पटेल, सीताराम कश्यप, चंचलचित्त पटेल, राजाबाबू यादव, गयाप्रसाद सविता, अनुज निगम, रामप्रसाद वर्मा, मो सलीम आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में देश की पूर्व प्रधानमंत्री/भारत रत्न श्रीमती इन्दिरा गांधी की पुण्यतिथि व सरदार पटेल की जयंती पर दोनों विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये।

सरदार सेना ने सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती पर किसान शोभायात्रा रैली निकाली। आभाष महासंघ व किसान यूनियन के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष अमर सिंह पटेल ने भी राजापुर थाने के उत्तमपुर गांव में सरदार पटेल की जयंती पर वृद्ध महिलाओं को एक-एक स्टील का डब्बा देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जमाल खां, अक्षय सिंह, रवि पटेल, रामभवन आदि मौजूद रहे। सरदार पटेल की जयंती पर कंधवनिया गांव में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, बसपा महासचिव कुलदीप सिंह, कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष कृष्णराज सिंह, पूर्व प्रधान चरण सिंह, पूर्व प्रधान शिवप्रताप, पूर्व ब्लाक प्रमुख पहाडी गया प्रसाद, अमित सिंह, सिद्धार्थ विक्रम सिंह, विद्यासागर सिंह, रत्नेश सिंह, जयप्रकाश, शिवलाल, राजा भइया सिंह, संजय, रामसेवक आदि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि वीर सिंह पटेल ने फीता काटकर 31 अक्टूबर से होने वाले मेले का शुभारम्भ किया। ये मेला चार नवम्बर तक चलेगा।

# राम वन गमन मार्ग का दें नक्शा: डीएम

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने राम वन गमन मार्ग पैकेज-5 की बाबत एसडीएम राजापुर, कर्वी व मानिकपुर से कहा कि जो मार्ग पड रहे हैं, उनका सर्वे कराकर कितने गांव आबादी के क्षेत्र में आ रहे हैं। उसी अनुसार एनएच प्रयागराज के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के अनुसार नक्शा उपलब्ध करायें।

सोमवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेज्ट सभाकक्ष में बैठक की अध्यक्षता करते हुए एनएच प्रयागराज के अधिकारियों से कहा कि एक पत्र उपजिलाधिकारियों को दे दें कि पैकेज चार व पांच में जो गांव व जगह से राम वन गमन मार्ग बनना है तो उस क्षेत्र की जमीन बेंचने पर रोक लगाई जा सके। एक्सईएन लोनिवि निर्माण खण्ड को निर्देश दिये कि जो सडकें राम वन गमन मार्ग के अंतर्गत आ रही हैं, उन सडकों को एनएच को तत्काल हैंडओवर करा दें, ताकि राम वन गमन मार्ग निर्माण में कोई समस्या न हो। राम वन गमन मार्ग को बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे से जोडने का प्रस्ताव बनायें। जिस क्षेत्र में उसे राम वन गमन मार्ग का निर्माण हो रहा है, जो आबादी क्षेत्र में पड रहे हैं, वहां प्रकाश व्यवस्था का प्रस्ताव बनायें। वन निगम के अधिकारियों से कहा कि पेडों की कटान जल्द करायें, ताकि निर्माण कार्य शुरू हो सके। सडक निर्माण में वन विभाग से एनओसी कराये जाने का पत्र भी शासन को भेजें। बैठक में एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार, एसडीएम न्यायिक रामजन्म यादव, एक्सईएन लोनिवि कृष्ण कुमार सहित वन विभाग, वन निगम एवं एनएच प्रयागराज के अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने महिला बन्दियों को भेंट किये गर्म शाल




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने संयुक्त जिला अस्पताल का निरीक्षण कर सरदार पटेल की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर वार्ड चार में भर्ती मरीजों को फल बांटे। उन्होंने जिला कारागार का भी निरीक्षण किया।

सोमवार को डीएम-एसपी ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर सीएमएस डॉ सुधीर कुमार को निर्देश दिये कि मरीजों के वेटिंग लिस्ट रजिस्टर को अपडेट कराकर डायलिसिस को को शुरू करायें। डायलिसिस वार्ड के बाहर पेंट से लिखवायें, आक्सीजन प्लान्ट शुरू कराया जाये। पोषण पुर्नवास केन्द्र में बच्चों को भर्ती कराकर स्वास्थ्य लाभ दिलाया जाये। 14 दिन से 21 दिन रखने के लक्ष्य में अभिभावकों को पचास रुपये प्रतिदिन के हिसाब से खर्च भी दिया जाये। डीएम-एसपी ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरे का संचालन, महिला बैरक में निरुद्ध महिला बन्दियों के खानपान की जानकारी ली। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार से कहा कि आंगनबाडी कार्यकत्री यहां पर पठन-पाठन कराते रहें। जिन महिला बन्दियों के छोटे बच्चे हैं, उन्हें पोषाहार समय से दिया जाये।

डीएम-एसपी ने जिला कारागार में लाइब्रेरी का फीता काटकर शुभारम्भ किया। उन्होंने अधीक्षक कारागार से कहा कि लाइब्रेरी में और विभागों से सम्पर्क कर पुस्तकें रखवाई जायें। डीएम-एसपी ने महिला बन्दियों को गर्म शाल भी भेंट किया। उन्होंने जिला कारागार के वीडियो कांफ्रेंसिंग हाल में समय से पहले रिहाई से संबंधित बन्दियों के सम्बन्ध में समिति की बैठक की। निरीक्षण में सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला प्रोवेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा, उप कारागार अधीक्षक पीयूष पाण्डेय, रजनीश कुमार सिंह, श्रीमती चन्द्रकला, प्रभारी डॉ आशीष कंकोरिया व कर्वी कोतवाल एके मिश्रा मौजूद रहे।

# श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने कम उम्र का पकड़ा बच्चा




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी की स्क्वायर टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर 18 साल से कम उम्र के बच्चों के खतरनाक जगहों पर काम करने पर प्रतिबंध के तहत एक बच्चे को काम करते पकडकर अपने साथ लेकर मेडिकल जांच कराकर माता-पिता के सुपुर्द किया है।

सोमवार को श्रम प्रवर्तन अधिकारी अरुण तिवारी की स्क्वायर टीम ने एचडीएफसी बैंक के बगल में मोटरबाइक रिपेयरिंग की दुकान में छापेमारी कर 18 साल से कम उम्र के बच्चे को काम करते पकडा। उन्होंने बच्चे की मेडिकल जांच कराकर उसके माता-पिता के सुपुर्द किया है।

इससे पहले टीम के दरोगा जेड खान ने बच्चे को सीडब्ल्यूसी कोर्ट में पेश किया है। टीम का नकारापन इससे जाहिर हो रहा है कि शहर के तमाम होटलों व रेस्टोरेंट में सैकडों बच्चे अभी भी कार्य कर रहे हैं, लेकिन श्रम प्रवर्तन अधिकारी को ये सब नजर नहीं आ रहा है।

श्रम प्रवर्तन अधिकारी का नकारापन इसी से जाहिर होता है कि तमाम खतरनाक स्थलों पर अभी भी सैकडों बच्चे कार्य कर रहे हैं। श्रम प्रवर्तन अधिकारी को ये सब नजर नहीं आ रहा है। खतरनाक स्थलों के लोगों ने बताया कि श्रम प्रवर्तन अधिकारी को प्रतिमाह एक निश्चित धनराशि मिलती है। इससे उन्हें ऐसे स्थानों पर 18 साल से कम उम्र के बच्चे नजर नहीं आते हैं। ऐसे स्थानों के मालिकान भी काफी चालाक हैं। श्रम प्रवर्तन अधिकारी के आते ही बच्चों को इधर-उधर कर देते हैं।

# पहले डकैतों ने लूटा, अब लूट रहे ठेकेदार

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मोरवी गुजरात की दर्दनाक घटना से उत्तर प्रदेश सरकार को सबक सीखना चाहिए। जिले में गुणवत्ताविहीन कार्य से राहगीरों का जीवन संकट में है। पहले पाठा क्षेत्र को डकैतों ने लूटा, अब सरकारी व्यवस्था और ठेकेदारों की मिलीभगत से योगी सरकार के मंसूबों पर पानी फिर रहा है।

सोमवार को पाठा क्षेत्र के मानिकपुर से डभौरा जाने वाली सडक व रपटों में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। मऊ गुरदरी के पास पन्ना रपटा पुल पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। गुणवत्ता विहीन कार्य के कारण पानी के बहाव से रपटा बह गया है। जान हथेली में लेकर राहगीर सडक से आवागमन करने को मजबूर हैं। मानिकपुर यूपी से डभौरा एमपी को जोडने वाले इस सम्पर्क मार्ग में रोजाना राहगीर चुटहिल हो रहे हैं।

किसी भी दिन कोई बडा हादसा हो सकता है। मानिकपुर से लेकर मऊ गुरदरी तक बनी सडक व रपटों की गुणवत्ता की जांच होनी चाहिए। सडक में मिट्टी व गिट्टी भरकर रपटों के निर्माण में खानापूरी की गई है। क्षेत्र पंचायत और लोनिवि की भूमिका पूरी तरह से संदिग्ध है। मानिकपुर से मऊ गुरदरी वाया ऊंचाडीह सम्पर्क मार्ग पन्ना रपटे के हाल-बेहाल हैं।

# पत्नी के प्रधान बनते ही मिल गया खजाना

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत भौंरी के एक पुलिस कर्मी की पत्नी के प्रधान बनते ही उसकी सम्पत्ति में भारी इजाफा होने लगा है। आखिर पुलिस कर्मी नौकरी छोडने के बाद कैसे करोडपतियों में शुमार हो गया।

सोमवार को मानिकपुर तहसील के भौंरी गांव में पुलिस कर्मी की पत्नी के प्रधान बनते ही सम्पत्ति में इजाफे की खबर मिली है। बताया गया कि नौकरी छोडने के बाद पुलिस कर्मी को कोई दबा खजाना मिल गया या फिर अवैध कमाई के कुछ अलग ही रहस्य हैं। पत्नी के प्रधान बनते ही सरकारी धन की जमकर लूट होने लगी है।

ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में स्थानीय पहाडों से खनिज सामग्री चोरी कर विकास कार्य हो रहे हैं। ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के ज्यादातर भुगतान एक ही फर्म के नाम करवाये गये हैं। सूत्र बताते हैं कि अपने निजी भतीजे की फर्म के नाम प्रधानपति भुगतान करवा रहा है। पुलिस कर्मी की आय से अधिक सम्पत्ति व ग्राम पंचायत में हुए फजीर्वाडे का अब धीरे-धीरे खुलासा होने लगा है।

# रानीपुर सेंचुरी यूपी का बनेगा चौथा टाइगर रिजर्व

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सूबे की योगी सरकार ने बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे की बडी सौगात देने के बाद जिले के रानीपुर सेंचुरी को टाइगर रिजर्व के बतौर विकसित करने की सौगात दी है। योगी कैबिनेट से मंजूरी मिलने पर लोगों में खुशी का माहौल है। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य वन्य जीव बोर्ड ने जिले के रानीपुर सेंचुरी को प्रदेश का चैथा टाइगर रिजर्व बनाने के प्रोजेक्ट की मंजूरी दी थी। कैबिनेट मंजूरी के बाद 630 वर्ग किमी के क्षेत्र में रानीपुर टाइगर रिजर्व विकसित किया जायेगा। यूपी के रानीपुर टाइगर रिजर्व भारत का 53वां टाइगर रिजर्व बन गया है। 529.36 वर्ग किमी में फैला नया टाइगर रिजर्व बाघ संरक्षण प्रयासों को मजबूत करेगा। केन, बेतवा लिंक परियोजना के फलस्वरुप टाइगर रिजर्व में जल भराव होने से यहां के बाघ चित्रकूट की ओर आयेंगे। प्रदेश सरकार ने यहां टाइगर रिजर्व बनाने का पक्का फैसला कर लिया है। चित्रकूट टाइगर रिजर्व का रेस्क्यू सेंटर बहिलपुरवा गांव में बनाया जायेगा। यह टाइगर रिजर्व सेंटर पूरे 630 किमी में फैला होगा। इस प्रोजेक्ट की मंजूरी होते ही इसे तैयार करने को सरकार ने दो वर्ष का समय दिया है। टाइगर रिजर्व के लिए वन विभाग ने करीब 65 हजार हेक्टेयर का क्षेत्रफल का नक्शा तैयार कर शासन को भेजा था। शासन ने 52 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल को लेकर 51 गांव शामिल किये हैं। जबकि 23 हजार हेक्टेयर के कोर एरिया में छह गांव अब स्थापित किये जायेंगे। इस क्षेत्र में विशेष फोर्स की तैनाती होगी। प्रोटेक्शन टीम के तौर पर बडी संख्या में पीएसी जवान आयेंगे। सुरक्षा मिलने पर पर्यटन के साथ रोजगार भी बढेगा।

# सूर्यकुमार ने फिर खेली धमाकेदार पारी, इस मामले में पहुंचे तीसरे नंबर पर

**पर्थ।** विस्फोटक भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने एक बार फिर धमाकेदार पारी खेली। सूर्यकुमार ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 30 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। फिर 40 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 68 रन बनाए। इसी के साथ सूर्यकुमार इस साल अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में 900 से अधिक रन बनाने वाले केवल तीसरे बल्लेबाज बने।

32 वर्षीय सूर्यकुमार 900 रन के आंकड़े तक पहुंचने के बाद कुलीन सूची में पाकिस्तान के बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान के साथ शामिल हो गए। रिजवान इस सूची में सबसे ऊपर हैं, उन्होंने 2021 में 29 मैचों में एक शतक और 12 अर्धशतक के



साथ 1326 रन बनाए। 28 वर्षीय बाबर ने 2021 में 29 मैचों में 37.56 की औसत से 1 शतक और 9 अर्धशतक के साथ 939 रन बनाए हैं। जहां तक सूर्यकुमार का सवाल है, दाएं हाथ का यह बल्लेबाज हाल के दिनों में शानदार फॉर्म में रहा है। इस साल की शुरुआत में, उन्होंने विराट कोहली के एक कैलेंडर वर्ष में टी20टी में एक भारतीय बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड तोड़ा। सूर्यकुमार पाकिस्तान के खिलाफ मैच में प्रदर्शन करने में विफल रहे, जब भारत 160 रनों का पीछा कर रहा था। हालांकि, उन्होंने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में नीदरलैंड के खिलाफ नाबाद 25 गेंदों में 51 रनों की पारी खेली। साउथ अफ्रीका के खिलाफ सूर्यकुमार ने फिर अपनी क्लास दिखाई।

लुंगी एनगिडी के चार विकेट लेने से भारत जल्दी ही बैकफुट पर आ गया था। लेकिन दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने काफी संयम दिखाया और स्कोर 130 के पार पहुंचाने में मदद की।

# पाकिस्तान ने दर्ज की पहली जीत, नीदरलैंड को छह विकेट से हराया

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया में खेले जा रहे टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान ने नीदरलैंड को छह विकेट से हरा दिया। इस मुकाबले में नीदरलैंड की टीम नौ विकेट पर मात्र 91 रन ही बना सकी और पाकिस्तान को 92 रनों का लक्ष्य दिया था। जवाब में पाकिस्तान की टीम ने 13.5 ओवर में चार विकेट पर 95 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस विश्व कप में पाकिस्तान की यह पहली जीत है।

पर्थ में खेले गए इस मुकाबले में नीदरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। नीदरलैंड की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 91 रन ही बना सकी। टीम के लिए कॉलिन एकरमैन ने सबसे ज्यादा




27 रन बनाए। कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने 15 रनों का योगदान दिया। इनके अलावा कोई और बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर सका।

पाकिस्तान के लिए शादाब खान ने तीन विकेट, मोहम्मद वसीम जूनियर ने दो विकेट, शाहीन अफरीदी, नसीम शाह और हारिस रऊफ ने एक-एक विकेट लिया।

इसके बाद नीदरलैंड से मिले 92 रनों के लक्ष्य को पाकिस्तान की टीम ने 13.5 ओवर में छह विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। पाकिस्तान के लिए मोहम्मद रिजवान ने 49 रनों की पारी खेली। रिजवान के अलावा फखर जमान ने 20 रन और शान मसूद ने 12 रन बनाए।

नीदरलैंड के लिए ब्रैंडन ग्लोवर ने दो विकेट और पॉल वैन मीकेरेन ने एक विकेट लिया।

# अर्शदीप ने बताया टी-20 विश्व कप में अपनी सफलता का राज, इस भारतीय गेंदबाज को दिया श्रेय

**पर्थ।** भारतीय युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह मौजूदा टी20 विश्व कप में टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे रहे हैं। वह अभी तक तीन मैचों में अपनी शानदार फॉर्म का परिचय देते हुए कुल 7 विकेटें चटका चुके हैं। अर्शदीप ने पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने दोनों शुरुआती ओवरों में पाक कप्तान बाबर आजम और अफ्रिकी धूरंधर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक जैसे शीर्ष बल्लेबाजों की विकेट चटकाते हुए महत्वपूर्ण प्रहार किए। इस टूर्नामेंट में अर्शदीप अपनी सफलता का श्रेय किसी ओर को नहीं, बलकि मौजूदा भारतीय टीम में शामिल गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को दिया है। अर्शदीप का कहना है कि अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर पावरप्ले के ओवरों में लगातार दबाव बना रहे हैं जिससे उनके लिए विकेट हासिल करना आसान हो गया है। अर्शदीप ने जहां तीन मैचों में 7.83 की इकॉनमी रेट से सात विकेट लिए हैं, वहीं भुवनेश्वर ने इतने मैचों में तीन विकेट लेने के बावजूद 10.4 ओवरों में 4.87 की इकॉनमी रेट से शानदार प्रदर्शन किया है। अर्शदीप ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'हम बल्लेबाजों की कमजोरियों का अध्ययन करते हैं और मैं और भुवी भाई पहले कुछ स्विंग करने की कोशिश करते हैं और शुरुआत में बल्लेबाज को मात देते हैं। मैं बल्लेबाज पर हमला करने में सक्षम हूं, क्योंकि भुवी भाई इतनी किफायती गेंदबाजी कर रहे हैं कि बल्लेबाज पहले से ही दबाव में है।'

अर्शदीप ने कहा, 'मेरी सफलता का श्रेय उन्हें जाता है। बल्लेबाज उनके (भुवनेश्वर) के खिलाफ जोखिम नहीं उठा रहे हैं और मेरे खिलाफ चांस लेते हैं। इसलिए हमने अच्छी साझेदारी की है। गेंदबाजी साझेदारी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी कि बल्लेबाजी साझेदारी। जब आप पहले विकेट लेते हैं तो आप आत्मविश्वास महसूस करते हैं और टीम भी आपकी क्षमताओं पर भरोसा करती है।÷ ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में दक्षिण-अफ्रीका के खिलाफ मैच में अर्शदीप ने पर्थ ट्रैक को सबसे तेज पाया। उन्होंने कहा, 'यह गेंदबाजी करने के लिए शानदार ट्रैक था। यह किसी भी तेज गेंदबाज के लिए एक ड्रीम विकेट था और शायद मेरे करियर में अब तक की सबसे तीखी पिचें। इस ट्रैक पर हर गेंदबाज के लिए लेंथ बदल जाती है। जिस दिन गेंद थोड़ी घूमती है, आप उस दिन फुल लेंथ गेंदबाजी करना चाहेंगे और जब ट्रैक से कोई मदद नहीं होती है, तो आप सामान्य हार्ड लेंथ से गेंदबाजी करते हैं।' दक्षिण-अफ्रीका के खिलाफ 18वां ओवर सीनियर स्पिनर आर अश्विन ने डाला था, जिसमें वह महंगे साबित हुए और भारत के पास अंतिम दो ओवरें में डिफेंड करने के लिए मात्र 11 रन बचे। 18वां ओवर अश्विन से करवाए जाने के सवाल को अर्शदीप ने दरकिनार कर दिया। अर्शदीप ने इस कदम के बचाव में कहा,' अगर आप पांच गेंदबाजों को खेल रहे हैं, तो जहां भी रोहित भाई को लगा कि उन्हें अश्विन को लाना चाहिए, उन्होंने ऐसा किया।' दक्षिण-अफ्रीका के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 134 रनों का लक्षय दिया था, लेकिन इसे छोटे स्कोर को डिफेंड करते हुए भारत अंतिम ओवर में यह मैच 5 विकेट से हार गया। यह पूछे जाने पर कि क्या 145 का स्कोर एक बचाव योग्य लक्ष्य हो सकता था? अर्शदीप ने कहा, 'यह अगर और लेकिन का मामला है, हो सकता है कि 133 काफी अच्छा होता और कभी-कभी 160 भी कम लगता है।

